शनिवार, 21 फरवरी 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 20 – 31 |
| आर्द्रता | 60% |
| सूर्योदय: 06:06 | सूर्यास्त: 17:36 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, फाल्गुन शुक्लपक्ष चतुर्थी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



हिंदी को बढ़ावा मिलने से अन्य सभी भाषाएं मजबूत होती हैं: अमित शाह पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : आगे बढ़ने वाला व्यक्ति कभी किसी को बाधा नहीं पहुंचाता।

### इजराइल भारत समेत अपने सहयोगियों के साथ गठबंधन मजबूत कर रहा : नेतन्याहू

**यरुशलम :** भारत को ''बेहद शक्तिशाली'' बताते हुए इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि उनका देश अपने सहयोगियों के साथ ''गठबंधन मजबूत कर रहा है।'' उन्होंने अगले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रस्तावित यरुशलम यात्रा का उल्लेख करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री मोदी के 25 फरवरी को दो दिवसीय दौरे पर इजराइल पहुंचने की उम्मीद है, जिस दौरान वह संभवतः नेसेट (संसद) को संबोधित करेंगे तथा नेतन्याहू और राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से मुलाकात करेंगे। नेतन्याहू ने बृहस्पतिवार को यरुशलम से लगभग 190 किलोमीटर दक्षिण में स्थित बहाद 1 (आईडीएफ अधिकारी स्कूल) में इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) के कैडेट के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल बुराई के खिलाफ ''निवारक उपाय'' करता है और इसलिए, क्षेत्र में खतरों को बेअसर करने के लिए, आवश्यकतानुसार, समय-समय पर कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा, हम अपने सहयोगियों के साथ गठबंधन को मजबूत करने के लिए भी कदम उठाएंगे।

# ट्रंप का टैरिफ गैरकानूनी : अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट

## 6-3 के बहुमत से सुनाया बड़ा फैसला, व्यापक शुल्क वृद्धि के आदेशों को रद्द किया

**वाशिंगटन :** अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कई देशों के खिलाफ लगाए गए व्यापक शुल्क वृद्धि के आदेशों को शुक्रवार को रद्द कर दिया। ऐसा माना जा रहा है कि इससे ट्रंप के आर्थिक एजेंडे को बड़ा झटका लगा है। न्यायालय द्वारा 6-3 के बहुमत से सुनाये गये इस फैसले का केंद्र बिंदु आपातकालीन शक्तियों के कानून के तहत लगाए गए शुल्क हैं, जिनमें लगभग हर दूसरे देश पर लगाए गए व्यापक ''पारस्परिक'' शुल्क भी शामिल हैं। यह ट्रंप के व्यापक एजेंडे का पहला महत्वपूर्ण हिस्सा है जो सीधे देश की सर्वोच्च अदालत के समक्ष आया है। न्यायालय ने कहा कि संविधान ''बहुत स्पष्ट रूप से'' कांग्रेस को कर लगाने की शक्ति देता है, जिसमें शुल्क भी शामिल हैं। प्रधान न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने फैसले में लिखा, ''संविधान निर्माताओं ने कराधान की शक्ति का कोई भी हिस्सा कार्यपालिका शाखा को नहीं



सौंपा।'' न्यायमूर्ति सैमुअल एलिटो, न्यायमूर्ति क्लेरेंस थॉमस और न्यायमूर्ति ब्रेट कावानॉ ने असहमति व्यक्त की। न्यायमूर्ति कावानॉ ने लिखा, ''यहां जिन शुल्कों पर चर्चा हो रही है, वे नीति के लिहाज से उचित हो सकते हैं या नहीं हो सकते हैं। लेकिन लिखित प्रमाण, इतिहास और पूर्व उदाहरणों के आधार पर, ये स्पष्ट रूप से वैध हैं।'' न्यायमूर्ति रॉबर्ट्स ने कहा, ''और यह तथ्य कि किसी भी राष्ट्रपति को अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम (आईईईपीए) में ऐसी शक्ति कभी नहीं मिली है, इस बात का पुख्ता सबूत है कि यह शक्ति मौजूद ही नहीं है।'' शुल्क संबंधी निर्णय से ट्रंप को अन्य कानूनों के तहत शुल्क लगाने से नहीं रोका जा सकता। हालांकि इन प्रावधानों से ट्रंप की कार्रवाइयों पर अधिक सीमाएं लग जाती हैं, फिर भी प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों ने कहा है कि वे अन्य अधिकारों के तहत शुल्क ढांचे को यथावत रखने की उम्मीद करते हैं।

### ट्रम्प ने दुनियाभर के देशों पर 10% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के टैरिफ रद्द करने के फैसले के 3 घंटे के अंदर डोनाल्ड ट्रम्प ने नए टैरिफ का ऐलान कर दिया। ट्रम्प ने सेक्शन 122 का हवाला देते हुए सभी देशों पर टैरिफ का ऐलान किया है। इस नियम के तहत अधिकतम 15% तक ग्लोबल टैरिफ लगाया जा सकता है लेकिन सिर्फ 150 दिनों के लिए। इसका इस्तेमाल बड़े व्यापार घाटे से निपटने के लिए किया जा सकता है। ट्रंप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्पष्ट किया कि वे इस फैसले के बावजूद अपने व्यापारिक एजेंडे से पीछे नहीं हटेंगे. उन्होंने कहा, 'विदेशी देश बहुत खुश हैं, .लेकिन उनकी खुशी लंबे समय तक नहीं रहेगी. हम अब और मजबूत दिशा में कदम उठाएंगे और व्यापार नीति में कड़ा रुख अपानएंगे.' उन्होंने संकेत दिया कि सभी विकल्प उनके दृष्टिगत हैं और टैरिफ लगाने के अन्य मजबूत तरीके पहले से ही विचाराधीन हैं. ट्रंप ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को निराशाजनक और शर्मनाक बताया

# एसआईआर : उच्चतम न्यायालय ने बंगाल में न्यायिक अधिकारियों की तैनाती का दिया आदेश

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार और निर्वाचन आयोग के बीच जारी गतिरोध को लेकर नाखुशी जताते हुए उच्चतम न्यायालय ने राज्य में विवादों से घिरी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग की सहायता के लिए सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का शुक्रवार को 'असाधारण' निर्देश दिया। निर्वाचन आयोग और तृणमूल कांग्रेस सरकार के बीच 'दुर्भाग्यपूर्ण आरोप-प्रत्यारोप' और 'विश्वास की कमी' पर खेद जताते हुए प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने राज्य में एसआईआर प्रक्रिया को पूरा करने के लिए कई नये निर्देश जारी किये। पीठ ने तार्किक विसंगति सूची में शामिल तथा मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के खतरे का सामना कर रहे व्यक्तियों के दावों और आपत्तियों के निपटारे के लिए न्यायिक अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति का आदेश दिया। उच्चतम न्यायालय ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल से राज्य में एसआईआर



के काम में सहायता के लिए कुछ न्यायिक अधिकारियों को मुक्त करने और पूर्व न्यायाधीशों को खोजने के लिये कहा। पीठ ने राज्य सरकार द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए 'ए' श्रेणी के पर्याप्त अधिकारियों को उपलब्ध नहीं कराने पर कड़ा रुख अपनाया। मुख्य न्यायाधीश पॉल को शनिवार को एक बैठक बुलाने के लिए कहा गया है जिसमें मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), निर्वाचन आयोग के अधिकारी और राज्य के महाधिवक्ता, केंद्र के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल और उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल शामिल होंगे। बैठक का उद्देश्य एसआईआर प्रक्रिया में न्यायिक अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति को अंतिम रूप देना है। पीठ ने कहा कि दस्तावेजों की प्रामाणिकता और मतदाता सूची से नाम शामिल करने या हटाने के निर्णय में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए, और दोनों पक्षों द्वारा सहमति के अनुसार, हमारे पास कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं बचता है कि वे सेवारत न्यायिक अधिकारियों के साथ-साथ अतिरिक्त जिला न्यायाधीश और जिला न्यायाधीशों के पद के कुछ पूर्व न्यायिक अधिकारियों को भी इस कार्य के लिए उपलब्ध करायें, ताकि उनसे 'तार्किक विसंगति' की श्रेणी के अंतर्गत लंबित दावों पर पुनर्विचार करने/निपटाने का अनुरोध किया जा सके। उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को 28 फरवरी तक राज्य में मतदाताओं की मसौदा सूची प्रकाशित करने की अनुमति दी और साथ ही निर्वाचन आयोग को बाद में पूरक सूचियां जारी करने की भी अनुमति दी। पीठ ने कहा कि यदि 28 फरवरी के बाद पूरक मतदाता सूचियां जारी की जाती हैं, तो किसी को कोई नुकसान नहीं होगा, क्योंकि मतदाताओं के नाम चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि तक शामिल किए जा सकते हैं।

# भारत एआई, अहम खनिजों की आपूर्ति शृंखला को मजबूत करने के लिए अमेरिका नीत 'पैक्स सिलिका' में शामिल हुआ

**नयी दिल्ली :** भारत शुक्रवार को अमेरिका के नेतृत्व वाले रणनीतिक गठबंधन 'पैक्स सिलिका' में शामिल हो गया, जिसका मकसद कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को बढ़ावा देने के साथ-साथ महत्वपूर्ण खनिजों के लिए एक लचीली आपूर्ति शृंखला विकसित करना है। दोनों पक्षों ने 'पैक्स सिलिका' को एक देश पर अत्यधिक निर्भरता को कम करने की पहल के रूप में पेश किया। उनका इशारा चीन की ओर माना जा रहा है। अमेरिका के आर्थिक मामलों के उप मंत्री जैकब हेलबर्ग ने 'पैक्स सिलिका' में भारत का स्वागत करते हुए महत्वपूर्ण खनिजों के लिए अत्यधिक केंद्रित आपूर्ति शृंखलाओं और आर्थिक दबाव एवं ब्लैकमेलिंग के खतरों से उत्पन्न चुनौतियों पर प्रकाश डाला। हेलबर्ग ने किसी देश का नाम नहीं लिया, लेकिन उनकी टिप्पणियां स्पष्ट रूप से चीन पर लक्षित थीं, जो दुर्लभ खनिजों के




निर्यात पर नियंत्रण रखता है, जिनका इस्तेमाल इलेक्ट्रॉनिक्स, स्वच्छ ऊर्जा, एयरोस्पेस, ऑटोमोटिव और रक्षा सहित कई क्षेत्रों में होता है। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने 'पैक्स सिलिका' में भारत का स्वागत करते हुए कहा कि देश गठबंधन को मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने कहा, अमेरिका-भारत के तकनीकी सहयोग को मजबूत करने वाली नीतियां आने वाले वर्षों में एआई नवाचार और इनके इस्तेमाल को बढ़ावा देंगी। हम विश्वसनीय एआई तकनीक को दुनिया के साथ, खास तौर पर भारत जैसे साझेदारों के साथ साझा कर सकते हैं।

## एआई समिट के घोषणापत्र पर 70 देशों के हस्ताक्षर, 250 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता मिली : वैष्णव

**नयी दिल्ली :** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सभी प्रमुख देशों ने 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के दिल्ली घोषणापत्र पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। वैष्णव ने कहा कि 70 से अधिक देशों ने पहले ही घोषणापत्र पर हस्ताक्षर कर दिए हैं और शनिवार को यह संख्या 80 के पार हो जाने की संभावना है। वैष्णव ने कहा, मैं आपके साथ यह भी साझा करना चाहूंगा कि पिछले शिखर सम्मेलन में अंतिम घोषणापत्र पर लगभग 60 देशों ने हस्ताक्षर किए थे। हम पहले ही 70 का आंकड़ा पार कर चुके हैं। हमें विश्वास है कि यह 80 का आंकड़ा पार कर जाएगा। सभी प्रमुख देशों ने पहले ही इस पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि कई देशों के विदेश मंत्री भारत सरकार के साथ इस पर चर्चा कर रहे हैं और अंतिम संख्या शनिवार को साझा की जाएगी। वैष्णव ने 'इंडिया एआई समिट' को एक बड़ी सफलता



बताते हुए कहा कि प्रदर्शनी में पांच लाख से अधिक आगंतुकों की उपस्थिति रही और इस आयोजन में बुनियादी ढांचे से संबंधित 250 अरब डॉलर से अधिक के निवेश की प्रतिबद्धता देखी गई। कांग्रेस के विरोध पर सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि विपक्षी दल द्वारा शिखर सम्मेलन को बाधित करने के लिए किए गए प्रयास को भारत के युवाओं ने पूरी तरह से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, घोषणा पर व्यापक सहमति है, हम शिखर सम्मेलन के आकार को देखते हुए, इसमें शामिल होने वालों की संख्या को अधिकतम करना चाहते हैं। मंत्री ने कहा कि शिखर सम्मेलन समाप्त होने के बाद दिल्ली घोषणापत्र का पूरा विवरण पारदर्शी तरीके से साझा किया जाएगा।

### बांग्लादेश में तारिक रहमान सरकार का बड़ा फैसला, भारत के साथ वीजा सेवाएं बहाल

**नयी दिल्ली :** भारत-बांग्लादेश रिश्तों में सुधार की दिशा में पहला कदम उठाते हुए दिल्ली स्थित बांग्लादेश हाई कमीशन ने शुक्रवार को भारतीय नागरिकों के लिए वीजा सेवाएं फिर से शुरू कर दीं. करीब दो महीने पहले इन सेवाओं को रोक दिया गया था. यह फैसला ऐसे समय पर लिया गया है जब तीन दिन पहले ही तारिक रहमान ने बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री के रूप में पद संभाला है. इससे संकेत मिलता है कि उनकी पार्टी, बीएनपी, के लिए नई दिल्ली बेहद अहम है और शुरुआती स्तर पर रिश्तों की कड़वाहट दूर करने की कोशिश हो रही है. एक दिन पहले ही भारत के एक वरिष्ठ वाणिज्य दूतावास अधिकारी ने कहा था कि नई दिल्ली भी जल्द बांग्लादेश में सभी वीजा सेवाएं बहाल करेगी।

## प्रसिद्ध बांग्ला लेखक शंकर का 92 वर्ष की आयु में निधन, मुख्यमंत्री ने जताया शोक



**कोलकाता, समाज्ञा :** 'शंकर' के नाम से मशहूर बांग्ला लेखक मणि शंकर मुखर्जी का शुक्रवार की दोपहर महानगर की एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके परिजनों ने यह जानकारी दी। उम्र संबंधी जटिलताओं के कारण 92 वर्ष की आयु में उनका एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। इधर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें महान साहित्यिक हस्ती बताया और कहा कि उनके निधन से सांस्कृतिक जगत को 'अपूरणीय क्षति' हुई है। ममता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उनकी सदाबहार रचनाएं, 'चौरंगी' से लेकर 'काटो अजनारे' तक, 'सीमाबद्ध' से लेकर 'जन अरण्य' तक, पीढ़ियों को मंत्रमुग्ध करती रही हैं तथा आम लोगों के संघर्षों को जीवंत करती रही हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने भी शोक व्यक्त किया

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रख्यात बांग्ला साहित्यकार और 'शंकर' उपनाम से विख्यात मणिशंकर मुखोपाध्याय के निधन पर शुक्रवार को शोक व्यक्त किया और कहा कि उनकी अविस्मरणीय रचनाओं ने पाठकों की कई पीढ़ियों को प्रभावित किया है और भारतीय साहित्य को समृद्ध किया है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 8.66 अरब डॉलर बढ़कर 725.72 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर

**मुंबई :** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 13 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 8.66 अरब डॉलर बढ़कर 725.72 अरब डॉलर के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पूर्व छह फरवरी को समाप्त सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 6.71 अरब डॉलर घटकर 717.06 अरब डॉलर रह गया था। इससे पहले का सर्वोच्च स्तर जनवरी में 723.774 अरब डॉलर का रहा था। आरबीआई की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, 13 फरवरी को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 3.55 अरब डॉलर बढ़कर 573.60 अरब डॉलर हो गईं।

## घर के बगल में सार्वजनिक शौचालय, कूड़ेदान सम्मान से जीवन जीने के अधिकार का उल्लंघन : न्यायालय

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक मामले में व्यवस्था दी कि किसी के घर के बगल में सार्वजनिक मूत्रालय और कूड़ेदान का होना संविधान के तहत स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण में गरिमापूर्ण जीवन जीने के अधिकार का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति अमित बंसल ने कहा कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ जीवन का एक अभिन्न अंग है और स्वस्थ वातावरण का अभाव गरिमापूर्ण जीवन जीने के अधिकार को बाधित करता है। अदालत ने यह आदेश एक वकील की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया, जिसमें उसने अपनी संपत्ति की पूर्वी दीवारों पर अनधिकृत रूप से बनाए गए खुले कूड़ेदान और मूत्रालय के खिलाफ दाखिल की थी। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि उसके पड़ोस के लगभग 150 निवासी उक्त स्थान पर अपना कूड़ा फेंकते थे तथा कूड़ेदान और मूत्रालय के पास स्वच्छता बनाए रखने के लिए एमसीडी अधिकारियों से कई बार अनुरोध किया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। अदालत ने माना कि याचिकाकर्ता के घर के बगल में सार्वजनिक कूड़ेदान और मूत्रालय 'निसंदेह एक परेशानी' का कारण है और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को उसे तुरंत ध्वस्त करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने 16 फरवरी को पारित आदेश में कहा, ''स्वच्छ जीवन के अभिन्न पहलुओं में से एक स्वच्छ वातावरण है। स्वच्छ वातावरण का अभाव याचिकाकर्ता के गरिमापूर्ण जीवन जीने के अधिकार का हनन करता है। याचिकाकर्ता के घर के ठीक बगल में सार्वजनिक मूत्रालय और खुले कूड़ेदान की उपस्थिति संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत उसके जीवन के अधिकार का स्पष्ट उल्लंघन है, जिसमें स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण में गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार शामिल है।'' अदालत ने एमसीडी को निर्देश दिया कि वह सूखे और गीले कचरे के लिए एक उचित ढका हुआ कूड़ेदान उपलब्ध कराए और उसे याचिकाकर्ता की संपत्ति से कुछ दूरी पर रखे।

### बाबर के नाम पर धार्मिक संरचनाओं का नामकरण रोकने संबंधी याचिका पर न्यायालय का सुनवाई से इनकार

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने मुगल शासक बाबर या बाबरी मस्जिद के नाम पर किसी भी मस्जिद या धार्मिक संरचना के निर्माण या नामकरण पर रोक लगाने का निर्देश देने के अनुरोध वाली याचिका पर विचार करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ द्वारा याचिका पर विचार करने में अनिच्छा व्यक्त करने के बाद याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वकील ने इसे वापस ले लिया। पीठ ने कहा, ''याचिका वापस लिए जाने के कारण इसे खारिज किया जाता है।'' याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वकील ने निलंबित तृणमूल कांग्रेस विधायक हुमायूं कबीर द्वारा पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी मस्जिद की प्रतिकृति बनाने की घोषणा का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता देश में ''आक्रांताओं'' के नाम पर मस्जिदों के निर्माण के खिलाफ है। वकील ने कहा कि कबीर ने ''इस तथ्य के बावजूद मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद के निर्माण की घोषणा की थी कि बाबर एक आक्रमणकारी था।'' उन्होंने कहा कि उनके (कबीर के) खिलाफ कुछ कार्रवाई की जानी चाहिए। जब पीठ ने याचिका खारिज करने की घोषणा की तो वकील ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी।

छठा पुण्य तिथि



स्वर्गीय पूनम चन्द जी दूगड़

संस्थापक, इण्डीयन जेम एण्ड ज्वेलरी क्रियेशन

कभी अभिमान तो कभी स्वाभिमान है पिता
कभी धरती तो कभी आसमान है पिता

INDIAN GEM
& JEWELLERY CREATION

Espera

श्रद्धावनत

इण्डीयन जेम के सदस्य व कर्मचारी गण

# एआई समिट में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शर्ट उतारकर प्रदर्शन किया, 10 लोग हिरासत में लिए गए

**नयी दिल्ली :** भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को 'एआई इम्पैक्ट समिट' के आयोजन स्थल पर पहुंचकर अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के विरोध में प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारे लगाए, जिसके बाद पुलिस ने 10 लोगों को हिरासत में ले लिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्य विपक्षी दल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि धूमिल की है। युवा कांग्रेस ने अपने कार्यकर्ताओं के इस कदम का बचाव करते हुए कहा कि 'एआई इम्पैक्ट समिट' के



दौरान संगठन के कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन इस आयोजन के खिलाफ नहीं, बल्कि अमेरिका के साथ हुए अंतरिम व्यापार समझौते के खिलाफ था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि 'एआई इम्पैक्ट समिट' में विरोध प्रदर्शन के दौरान लगभग 10 लोगों को हिरासत में लिया गया। उन्होंने कहा, उन्हें तुरंत हटा दिया गया और तिलक मार्ग पुलिस थाने ले जाया गया। कानून-व्यवस्था की स्थिति को भंग करने की किसी को अनुमति नहीं दी जाएगी। युवा कांग्रेस से जुड़े प्रदर्शनकारी हॉल नंबर-5 के अंदर मार्च करते हुए पहुंचे। वे सफेद टी-शर्ट पहने या पकड़े हुए थे, जिन पर प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीरें छपी थीं, तथा उन पर इंडिया यूएस ट्रेड डील, एपस्टीन फाइल्स और पीएम इज़ कम्प्रोमाइज्ड (प्रधानमंत्री झुक गये) जैसे नारे लिखे थे।

### एआई समिट में प्रदर्शन बेहद शर्मनाक : रेखा गुप्ता

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भारत मंडपम में आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट' में शुक्रवार को हुए विरोध प्रदर्शन की निंदा करते हुए इसे बेहद शर्मनाक बताया और कहा कि जब भी देश अपनी क्षमता का प्रदर्शन करता है तो कांग्रेस बाधा बनकर खड़ी हो जाती है। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर कहा कि 'एआई इम्पैक्ट समिट' आज भविष्य की दिशा तय कर रहा है, और कांग्रेस द्वारा किया गया 'तमाशा बेहद शर्मनाक' है।

## कोर्ट ने कहा-राज्यों के दूरगामी हित देखें

यह भारतीय लोकतंत्र की विडंबना ही कही जाएगी कि राजनीतिक दलों ने मुफ्त की योजनाओं को चुनाव जीतने का जरिया ही बना लिया है। मतदाताओं को चंद आर्थिक लाभ व सुविधाएं देकर मुफ्त की रेवड़ियों को सफलता का शॉर्टकट माना जाने लगा है। यही वजह है कि कुछ राज्यों में आसन्न चुनाव से पहले मुफ्त की योजनाओं की संस्कृति के वर्चस्व को देखते हुए देश की शीर्ष अदालत ने तल्ख टिप्पणी की है। जिससे यह मुद्दा एक बार फिर राष्ट्रीय विमर्श में शामिल हो गया है। उल्लेखनीय है कि अगले दो-तीन महीनों में देश के चार प्रमुख राज्यों असम, पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु में चुनाव होने जा रहे हैं। हालांकि, लोकतंत्र की कल्याणकारी अवधारणा के चलते लोकहित में चलायी जाने वाली जनहितकारी योजनाएं शासन का अनिवार्य स्तंभ भी रही हैं। लेकिन लक्षित समर्थन और चुनाव पूर्व दिखायी जाने वाली अतिरेक उदारता के बीच अंतर तेजी से धुंधला होता जा रहा है। देश की शीर्ष अदालत ने इस बाबत चेतावनी दी है कि मुफ्त की योजनाओं का अनियंत्रित विस्तार राज्यों के राजकोषीय अनुशासन को कमजोर कर सकता है। निस्संदेह, इस बारे में कोई दो राय नहीं हो सकती है कि राज्यों का यह प्राथमिक कर्तव्य है कि वे विशेष रूप से कमजोर वर्ग के लोगों की खास तौर से देखभाल करें। हालांकि, जब राजस्व घाटे वाले राज्य मुफ्त की योजनाओं पर बड़ी रकम खर्च करते हैं, तो सरकारी खजाने पर दबाव और अधिक बढ़ जाता है। विडंबना यह है कि जिस धनराशि का इस्तेमाल बुनियादी ढांचे में सुधार, स्वास्थ्य सेवाओं को सक्षम बनाने और शिक्षा की सुविधा को समृद्ध करने के लिये किया जाना चाहिए, वो राशि अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिये खर्च कर दी जाती है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि राजनेता मुफ्त की बिजली, मुफ्त बस यात्रा और नकद राशि बांटने की होड़ में शामिल हैं। इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि लोकलुभावनवाद के आगे राजकोषीय विवेक कमजोर पड़ रहा है।

निस्संदेह, देश के सर्वोच्च न्यायालय ने इस बाबत तार्किक प्रश्न पूछा है कि राज्य मुफ्त की रेवड़ियां बांटने के बजाय रोजगार सृजन और कौशल विकास के लिये बजट प्रस्ताव क्यों नहीं पेश करते? इसमें दो राय नहीं कि रोजगार के नये अवसर पैदा करना जन साधारण के सशक्तीकरण का एक स्थायी रूप है। जो लोगों को स्वावलंबी बनाता है। वहीं दूसरी ओर वोटरों को लुभाने के लिये सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों द्वारा लगातार जारी की जा रही मुफ्त की योजनाएं लोगों को अकर्मण्य बना देती हैं। लोग परिश्रम से आर्थिक उपलब्धि हासिल करने के बजाय सरकारी सुविधा पर अधिक निर्भर हो जाते हैं। जरूरत इस बात की है कि कौशल विकास के जरिये लोगों को इस तरह सक्षम बनाया जाए जिससे उन्हें दीर्घकालिक व स्थायी लाभ मिल सकें। निस्संदेह,चुनावी निष्पक्षता के लिये यह आवश्यक हो गया है कि चुनाव से पहले घोषित की गई या लागू की गई लोकलुभावनी नीतियों व योजनाओं की गहन पड़ताल की जाए। विपक्षी दलों द्वारा बिहार सरकार पर आरोप लगाया गया था कि पिछले साल अक्तूबर में आचार संहिता लागू रहने के दौरान मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिला लाभार्थियों को 15,600 करोड़ रुपये दिए गए थे। जो कि स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विरुद्ध कदम था। निर्विवाद रूप से सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों द्वारा इस तरह की सुनियोजित कोशिश विपक्षी दलों को निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा से वंचित करती है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि भारत के निर्वाचन आयोग की ओर से राजनीतिक दलों द्वारा मतदाताओं को अपरोक्ष रूप से रिश्वत देने के प्रयासों पर पैनी नजर रखी जाए। साथ ही इस दिशा में चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के रूप में कार्रवाई भी करनी चाहिए। अब चाहे कोई बड़ा राजनीतिक दल इसमें शामिल क्यों न हो। निर्विवाद रूप से चुनाव प्रक्रिया में कोई भी पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाना हमारे जीवंत लोकतंत्र के लिये हानिकारक है। वहीं दूसरी ओर स्वस्थ लोकतंत्र के लिये जरूरी है कि देश का मतदाता परिपक्व व जिम्मेदार नागरिक की तरह व्यवहार करके लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त बनाने की दिशा में काम करे।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 21 फरवरी, शनिवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, फाल्गुन शुक्लपक्ष चतुर्थी, 12:59 तक, नक्षत्र : रेवती, 05:37 तक, योग : शुभा, 15:42 तक, सूर्योदय: 06:06, सूर्यास्त: 17:36, चन्द्रोदय : 08:16, चन्द्रास्त: 21:21, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : मीन, राहू काल : 08:59 से 10:24

## राशिफल

**मेष :** शनि देव की बारहवें भाव में स्थिति ऑनलाइन या अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ काम करने के अवसर देती है। मंगल देव आपकी पेशवर प्रतिष्ठा को मजबूत करेंगे।

**वृष :** सुबह टीमवर्क की जरूरत होगी, लेकिन शाम स्वतंत्र रिसर्च के लिए बेहतर है। दसवें भाव में सूर्य, बुध और शुक्र देव की कृपा से आप अपने कार्यस्थल पर चमकेंगे।

**मिथुन :** अनुशासन, कड़ी मेहनत और आपके संपर्कों से आज आपको सफलता मिलेगी। नई स्किल सीखना या किसी एक्सपर्ट की सलाह लेना काफी फायदेमंद रहेगा।

**कर्क :** निरंतर प्लानिंग से प्रगति होगी। आज रात जब चंद्रदेव आपके दसवें भाव में प्रवेश करेंगे, तो आपका आत्म-विश्वास बढ़ेगा। मंगल देव आपको मुश्किल बातचीत संभालने की शक्ति देंगे।

**सिंह :** करियर में तरक्की सुबह की प्लानिंग और शाम के कॉन्फिडेंट एक्शन से आएगी। मंगल देव डेली की लिस्ट पूरी करने का अनुशासन देंगे। सीनियर्स से तारीफ के लिए बड़े नजरिए पर फोकस करें।

**कन्या :** शुरुआत में सहयोग और शाम को रणनीति गत प्लानिंग से सफलता मिलेगी। पांचवें भाव के मंगल देव आपको स्टैंडआउट करने के लिए रचनात्मक स्टैमिना देंगे।

**तुला :** जब तक आप अनुशासित प्रयास करते रहेंगे, तरक्की होती रहेगी। आज रात जब चंद्रदेव मेष राशि में जाएंगे, तो टीमवर्क से फायदा होगा। मनोरंजन या लग्जरी पर जल्दीबाजी में खर्च न करें।

**वृश्चिक :** सफलता की शुरुआत सुबह की रचनात्मक क्षमता और शाम के अनुशासन से होगी। मंगल देव सबसे आगे निकलने की ऊर्जा देंगे। सेहत से जुड़े खर्चों की समीक्षा स्थिरता देगी।

**धनु :** दिन की शुरुआत स्पष्टता के साथ होगी, जो रात तक नए विचारों में बदल जाएगी। आपके नए आइडियाज जमाने से आगे होंगे। नेटवर्किंग सुधारने के लिए आपके प्रयास रंग लाएंगे।

**मकर :** चंद्रदेव के प्रभाव से आज संवाद और प्लानिंग में सफलता मिलेगी। आपकी राशि में विराजमान मंगल देव आपको वर्कप्लेस पर एक प्रभावित व्यक्ति बनाएंगे।

**कुम्भ :** व्यावहारिक समझ बनाने से तरक्की जारी रहेगी। आज रात का समय कॉन्फिडेंट बातचीत के लिए शुभ है। मंगल देव सुझाव देते हैं कि रिसर्च से जुड़ा काम आज बेहतर नतीजे देगा।

**मीन :** आत्म-विश्वास और प्रैक्टिकल संवाद से तरक्की मिलेगी। आप किसी लक्ष्य को सोचें और फिर उसे पूरा करने के चरण में कदम रखने की स्थिति में हैं। बजट की समीक्षा स्थिरता लाएगी।

# डिजिटल युग में मातृभाषाओं को बचाना बड़ी चुनौती



ललित गर्ग

21 फरवरी को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस केवल मातृभाषा संस्कृति को बचाने का अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि मानवता की सांस्कृतिक आत्मा का उत्सव है। वर्ष 2026 में इसकी मुख्य थीम बहुभाषी शिक्षा पर युवाओं की आवाज़ है, जो यह संकेत देती है कि भविष्य की भाषाई दिशा युवा पीढ़ी तय करेगी। यह वर्ष विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह इस दिवस की 25वीं वर्षगांठ-रजत जयंती का प्रतीक है। वर्ष 1999 में यूनेस्को द्वारा इसकी घोषणा की गई और 2000 से इसे वैश्विक स्तर पर मनाया जा रहा है। इस वर्ष का फोकस 13 से 18 वर्ष के युवाओं को भाषाई विविधता के संरक्षण, मातृभाषा में शिक्षा के विस्तार और डिजिटल युग में भाषाओं की भूमिका पर सक्रिय संवाद के लिए प्रेरित करना है। मातृभाषा केवल शब्दों का संग्रह नहीं होती, वह मनुष्य के मन, मस्तिष्क और संवेदनाओं की प्रथम अभिव्यक्ति है। बच्चा जब जन्म लेता है तो वह किसी औपचारिक शिक्षा से पहले अपनी माँ की ध्वनियों, लोरियों और संवादों के माध्यम से भाषा का संस्कार ग्रहण करता है। यही भाषा उसकी सोच, उसकी रचनात्मकता और उसकी पहचान का आधार बनती है। शोधों से यह सिद्ध हो चुका है कि प्रारंभिक शिक्षा मातृभाषा में होने पर बच्चों की समझ, विश्लेषण क्षमता और आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। फिर भी वैश्विक स्तर पर लगभग 40 प्रतिशत बच्चों को उस भाषा में शिक्षा नहीं मिलती जिसे वे बोलते या समझते हैं।

इस दिवस का ऐतिहासिक संदर्भ हमें 21 फरवरी 1952 की उस त्रासदी की याद दिलाता है जब पूर्वी पाकिस्तान में अपनी मातृभाषा बांग्ला के सम्मान के लिए छात्रों ने आंदोलन किया और गोलीबारी में अनेक युवा शहीद हो गए। बाद में यही पूर्वी पाकिस्तान स्वतंत्र होकर बांग्लादेश बना। उन शहीदों की स्मृति में यह दिवस भाषाई अधिकारों और अस्मिता का प्रतीक बन गया। यह हमें सिखाता है कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि स्वाभिमान और स्वतंत्रता का आधार है। वर्ष 2026 की थीम युवाओं की भागीदारी को केंद्र में रखती है। आज का युवा डिजिटल संसार में जी रहा है। सोशल मीडिया, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ऑनलाइन शिक्षा उसके जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। ऐसे में प्रश्न उठता है कि क्या डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मातृभाषाओं के लिए पर्याप्त स्थान है? आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक ओर तो विलुप्तप्राय भाषाओं के शब्दकोश, ध्वनि-संग्रह और अनुवाद प्रणाली विकसित कर उन्हें पुनर्जीवित कर सकता है, वहीं दूसरी ओर यदि तकनीक कुछ सीमित भाषाओं तक सिमट जाए तो भाषाई असमानता और गहरी हो सकती है। इसलिए युवाओं को तकनीक का उपयोग मातृभाषा सशक्तिकरण के लिए करना होगा-ऐप, ब्लॉग, पॉडकास्ट, यूट्यूब चैनल और डिजिटल पुस्तकालयों के माध्यम से अपनी भाषाओं को वैश्विक मंच देना होगा।

यूनेस्को का मानना है कि स्थायी समाज के लिए सांस्कृतिक और भाषाई विविधता बहुत जरूरी है। शांति के लिए अपने जनादेश के तहत यह संस्कृतियों और भाषाओं में अंतर को बनाए रखने के लिए काम करता है जो दूसरों के लिए सहिष्णुता और सम्मान को बढ़ावा देते हैं। बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक समाज अपनी भाषाओं के माध्यम से अस्तित्व में रहते हैं जो पारंपरिक ज्ञान और संस्कृतियों को स्थायी तरीके से प्रसारित और संरक्षित करते हैं। भाषाई विविधता लगातार खतरे में पड़ती जा रही है क्योंकि अधिकाधिक भाषाएं लुप्त होती जा रही हैं। मातृभाषा जीवन का आधार है, यह एक ऐसी भाषा होती है जिसे सीखने के लिए उसे किसी कक्षा की जरूरत नहीं पड़ती। जन्म लेने के बाद मानव जो प्रथम भाषा सीखता है उसे उसकी मातृभाषा कहते हैं, वही व्यक्ति की सामाजिक एवं भाषाई पहचान होती है।

**अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस- 21 फरवरी, 2026**

लेकिन मानव समाज में कई दफा हमें मानवाधिकारों के हनन के साथ-साथ मातृभाषा के उपयोग को गलत भी बताया जाता रहा है।

भारत जैसे बहुभाषी देश में यह चुनौती और अवसर दोनों है। पीपुल्स लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया के अनुसार पिछले कुछ दशकों में सैकड़ों भाषाएँ लुप्त हो चुकी हैं। यह केवल शब्दों का खो जाना नहीं, बल्कि परंपराओं, लोककथाओं, लोकगीतों और जीवनदृष्टि का विलुप्त होना है। यदि नई पीढ़ी अपनी मातृभाषा से विमुख हो जाएगी तो सांस्कृतिक जड़ों से उसका संबंध कमजोर हो जाएगा। इसलिए आवश्यक है कि विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में बहुभाषी शिक्षा को प्रोत्साहन मिले, स्थानीय साहित्य और लोकसंस्कृति को पाठ्यक्रम में स्थान दिया जाए, और युवाओं को अपनी भाषा में अभिव्यक्ति के अवसर प्रदान किए जाएँ। आज एक बड़ा भ्रम यह है कि केवल विदेशी भाषा ही विकास का मार्ग है। निस्संदेह वैश्विक संपर्क के लिए अन्य भाषाओं का ज्ञान आवश्यक है, परंतु इसका अर्थ यह नहीं कि हम अपनी मातृभाषा की उपेक्षा करें। मातृभाषा में शिक्षा से ही मौलिक चिंतन और नवाचार संभव है। भारत की नई शिक्षा नीति 2020 ने भी प्रारंभिक शिक्षा मातृभाषा में देने पर बल दिया है। यह निर्णय वैज्ञानिक दृष्टि से भी उचित है, क्योंकि जब विद्यार्थी अपनी सहज भाषा में सीखता है तो वह केवल जानकारी ग्रहण नहीं करता, बल्कि उसे आत्मसात करता है।

हमारे देश में मातृभाषाओं के प्रति अनेक प्रकार के भ्रम फैले हैं, जिनमें एक भ्रम है कि अंग्रेजी विकास और ज्ञान की भाषा है। जबकि इस बात से यूनेस्को सहित अनेक संस्थानों के अनुसंधान यह सिद्ध कर चुके हैं कि अपनी भाषा में शिक्षा से ही बच्चे का सही एवं सर्वांगीण मायने में विकास हो पाता है। इस दृष्टि से मातृभाषा में शिक्षा पूर्ण रूप से वैज्ञानिक है। युवाओं में मातृभाषा के प्रति आकर्षण कैसे बढ़ाया जाए? पहला उपाय है-भाषा को बोझ नहीं, गौरव के रूप में प्रस्तुत करना। जब हम अपने साहित्यकारों, वैज्ञानिकों और महापुरुषों की उपलब्धियों को मातृभाषा से जोड़कर बताते हैं, तो युवाओं में स्वाभिमान जागृत होता है। दूसरा उपाय है-रचनात्मक मंच उपलब्ध कराना। कविता-पाठ, नाटक, वाद-विवाद, ब्लॉग लेखन और डिजिटल कंटेंट निर्माण के माध्यम से युवा अपनी भाषा में सृजन करें। तीसरा उपाय है-परिवार की भूमिका। घर में यदि संवाद मातृभाषा में होगा तो बच्चे में स्वाभाविक अनुराग उत्पन्न होगा। भाषाई विविधता के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना भी उतना ही आवश्यक है। भारत में सैकड़ों भाषाएँ और बोलियाँ हैं; प्रत्येक भाषा अपने साथ एक विशिष्ट जीवनदर्शन लेकर आती है। हमें यह समझाना होगा कि किसी भी भाषा को छोटा या बड़ा कहना अनुचित है। सभी भाषाएँ समान रूप से सम्माननीय हैं। हिन्दी राजभाषा है, परंतु अन्य भारतीय भाषाएँ भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं। संस्कृत हमारी प्राचीन ज्ञान-परंपरा की धरोहर है, तो तमिल, बांग्ला, मराठी, गुजराती, उड़िया, असमिया, कन्नड़, मलयालम, पंजाबी, कश्मीरी और अन्य भाषाएँ अपनी-अपनी सांस्कृतिक संपदा से राष्ट्र को समृद्ध करती हैं।

डिजिटल युग में युवाओं को यह संकल्प लेना चाहिए कि वे अपनी मातृभाषा में कम से कम एक रचनात्मक कार्य अवश्य करेंगे-चाहे वह एक ब्लॉग हो, एक कहानी, एक गीत या एक शैक्षिक वीडियो। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित अनुवाद उपकरणों और भाषा मॉडल्स का उपयोग करके वे अपनी भाषा की सामग्री को वैश्विक पाठकों तक पहुँचा सकते हैं। इससे न केवल भाषा का संरक्षण होगा, बल्कि आर्थिक अवसर भी बढ़ेंगे। स्थानीय भाषाओं में स्टार्टअप, ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म और डिजिटल प्रकाशन नए रोजगार के द्वार खोल सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 2026 हमें यह संदेश देता है कि भाषाई विविधता ही मानवता की वास्तविक समृद्धि है। यदि हम सतत विकास का लक्ष्य प्राप्त करना चाहते हैं तो समावेशी शिक्षा आवश्यक है, और समावेशी शिक्षा का आधार मातृभाषा है। युवाओं की आवाज़ जब बहुभाषी शिक्षा के समर्थन में उठेगी, तभी समाज में व्यापक परिवर्तन संभव होगा। आज आवश्यकता है एक सामूहिक संकल्प की-हम अपनी मातृभाषा का सम्मान करेंगे, उसे डिजिटल मंचों पर प्रतिष्ठित करेंगे और आने वाली पीढ़ियों तक उसकी विरासत पहुँचाएँगे। भाषा हमारी आत्मा है; उसे जीवित रखना हमारा दायित्व है। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर यही संदेश गूंजना चाहिए कि युवा ही भाषाई भविष्य के प्रहरी हैं। जब युवा अपनी जड़ों से जुड़ेंगे, तभी विश्व अधिक समावेशी, सहिष्णु और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनेगा।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

# राज्य सभा चुनाव में बढ़ेगी एनडीए की ताकत



राजेश माहेश्वरी

राज्यसभा में एक बड़ा बदलाव का इस साल होने वाला है। पूरे साल में करीब 72 से 75 सीटें खाली हो रही हैं, जो अप्रैल, जून, जुलाई और नवंबर में रिटायरमेंट से होंगी। अभी फरवरी 2026 में राज्यसभा की कुल 245 सीटों में बीजेपी की 103 हैं, कांग्रेस की 27, तृणमूल कांग्रेस की 12, आप की 10, डीएमके की 10, बीजेडी की 7, वाईएसआरसीपी की 5 और एआईएडीएमके की 7 सीटें हैं। नॉमिनेटेड 7 हैं और कुल एनडीए की ताकत 121 के आसपास है, जबकि इंडिया ब्लॉक के पास 80 सीटें हैं। लेकिन आने वाले चुनावों से यह आंकड़ा काफी हिलने वाला है।

राज्यसभा की इन 37 सीटों में सबसे ज्यादा महाराष्ट्र से सात सीटें खाली हो रही हैं, जिन पर चुनाव है। महाराष्ट्र की सात राज्यसभा सीटों में से बीजेपी के पास दो और शरद पवार की एनसीपी के पास 2 राज्यसभा सीटें हैं। इसके अलावा कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और आरपीआई के पास एक-एक सीटें है।

नंबर गेम्स के अनुसार सत्तारूढ़ एनडीए को 7 से 9 सीटों का फायदा होने की उम्मीद है, जिससे उनकी ताकत 145 तक पहुंच सकती है। वहीं, इंडिया ब्लॉक को 5 सीटों का नुकसान हो सकता है, जो उनकी संख्या को 75 के आसपास ला देगा। सबसे पहले आगामी 16 मार्च को 37 सीटों के लिए चुनाव हो रहे हैं, जो 10 राज्यों से हैं। महाराष्ट्र से 7, ओडिशा से 4, तमिलनाडु से 6, पश्चिम बंगाल से 5, असम से 3, बिहार से 5, छत्तीसगढ़ से 2, हरियाणा से 2, हिमाचल प्रदेश से 1 और तेलंगाना से 2। ये सीटें अप्रैल में खाली हो रही हैं। साल के बाकी चुनावों में और 35-38 सीटें शामिल होंगी, जो कुल 22 राज्यों से हैं, जैसे उत्तर प्रदेश से 10, कर्नाटक से 4, गुजरात से 4, आंध्र प्रदेश से 4 सीटें।

राज्यसभा की वोटिंग के बाद 37 नए सांसद जुड़ेंगे। दस राज्यों की खाली सीटों में कांग्रेस के लिए हिमाचल एक बड़ा ठौर होगा। इस साल 72 सीटों पर चुनाव होंगे और इस तरह भाजपा का पलड़ा थोड़ा सा और भारी हो सकता है।

हाल के विधानसभा चुनावों ने एनडीए की पोजीशन मजबूत की है। मसलन, महाराष्ट्र में एनडीए के 228 विधायक हैं (बीजेपी 131, शिवसेना-शिंदे 57, एनसीपी-अजित 40), जो 7 सीटों में से 4-5 जीत सकता है यानी पहले से ज्यादा। बिहार में एनडीए को एक एक्स्ट्रा सीट मिल सकती है, जहां पहले से 3 थे, अब 4। आंध्र प्रदेश में 3 गेन, गुजरात में 1, ओडिशा में 2, राजस्थान में 1। ये गेन विधानसभा स्ट्रेंथ से आते हैं, जैसे महाराष्ट्र में एनडीए ने 2025 चुनाव जीता, बिहार में एनडीए मजबूत, हरियाणा में बीजेपी, झारखंड में बीजेपी. हालांकि, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश में 1-1 सीट का नुकसान हो सकता है।

राज्यसभा के सदस्य (सांसद) राज्य की विधानसभा के चुने हुए विधायकों की वोटिंग से चुने जाते हैं। यानी, केंद्र में कौन सी पार्टी मजबूत होगी, यह इस बात पर निर्भर करता है कि हर राज्य की विधानसभा में किस पार्टी के कितने विधायक हैं। अगर विधानसभा में आपकी पार्टी की ताकत बढ़ती है, तो राज्यसभा में भी आपकी सीटें बढ़ती हैं। राज्यसभा की



सीटें हर राज्य में तय होती हैं। जैसे महाराष्ट्र से 19 सीटें, लेकिन चुनाव साल दर साल कुछ सीटों पर होते हैं, जब पुराने सदस्य रिटायर होते हैं। चुनाव में जीतने के लिए, हर उम्मीदवार को एक निश्चित संख्या में वोट चाहिए, जिसे 'कोटा' कहते हैं।

राज्यसभा के सदस्य विधानसभा के इलेक्टेड मेंबर्स चुनते हैं, इसलिए हर राज्य में विधायकों की संख्या से कोटा तय होता है। यह इसलिए है कि हर सीट के लिए वोट्स बराबर बंटें और कोई पार्टी ज्यादा वोट्स से ज्यादा सीटें जीत सके। अगर किसी उम्मीदवार को कोटा से एक वोट भी कम मिला, तो वो हार जाता है।

कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक को सबसे ज्यादा नुकसान होगा क्योंकि 5 से 6 सीटें कम हो सकती हैं। जैसे गुजरात में कांग्रेस की 1 सीट खत्म हो सकती है, पश्चिम बंगाल में तृणमूल को लॉस, कर्नाटक में कांग्रेस को 1 कम। बीजेडी ओडिशा में 1-2 कम, वाईएसआरसीपी आंध्र में 3 कम, सीपीआई एम पश्चिम बंगाल से 1 कम। ये पार्टियां जहां विधानसभा में कमजोर हुईं, वहां सीटें गंवाएंगी।

वहीं, फायदे वाली पार्टियां एनडीए दल की हो सकती हैं। इनमें बीजेपी को 7-9 सीटों का फायदा हो सकता है यानी कुल एनडीए 145 तक पहुंच सकती है। कांग्रेस को डीएमके तमिलनाडु में 1-2 एक्स्ट्रा सीट का फायदा हो सकता है, लेकिन ओवरऑल इंडिया गठबंधन डाउन रहेगा।

महाराष्ट्र में 7 राज्यसभा सीटों पर चुनाव है, जिसमें से एनडीए के 6 सीटें मिल सकती है तो विपक्षी गठबंधन महायुति के सिर्फ एक सीट मिलने की संभावना है। राज्य में कुल 286 विधानसभा सीटें है, जिसमें से 2 सीटें खाली हैं। इस लिहाज से एक राज्यसभ सीट के लिए 37 विधायकों के समर्थन की जरूरत है।

मौजूदा समय में बीजेपी के पास 131, शिंदे की शिवसेना के पास 57 और अजित पवार की एनसीपी के पास 40 विधायक हैं। एनडीए के 235 विधायक बन रहे हैं, जिसके दम पर 6 सीटें आसानी से जीत सकती है। बीजेपी चार सीटें तो शिंदे और अजित पवार की पार्टी को एक-एक सीट जीत सकती है। शरद पवार की एनसीपी के 10, उद्धव ठाकरे की 16 और कांग्रेस के 20 विधायक हैं। इस तरह से तीनों दलों के कुल 46 विधायक।सीपीआई (एम) और एसके (एम) का एक-एक विधायक है। अन्य छोटे दलों और निर्दलीयों का समर्थन मिलने पर यह संख्या कुछ बढ़ सकती है। ऐसे में एक सीट विपक्ष मिलकर सकती है। शरद पवार, उद्धव ठाकरे और कांग्रेस में से किसी एक दल को की यह सीट मिल सकती है, जिसके चलते शरद पवार की सीटें और उद्धव ठाकरे के लिए सियासी नुकसान होगा।

बिहार की पांच राज्यसभा सीट पर चुनाव होने हैं, जिसमें एनडीए आसानी से 4 सीटें जीत सकती है और एक सीट विपक्ष को मिल सकती है। तमिलनाडु में की मौजूदा विधानसभा की स्थिति के लिहाज से डीएमके आसानी से चार सीटें जीत लेगा और एक सीट एआईएडीएमके भी बचा ले जाएगा, लेकिन एक सीट पर मुकाबला हो सकता है। ऐसे ही पश्चिम बंगाल की पांच सीटों में से टीएमसी अपनी चारों सीटें बचा लेगा, लेकिन यहां पर एक सीट सीपीएम को खोनी पड़ सकती है, जो बीजेपी के खाते में जा सकती है। ओडिशा में चार सीटों में से बीजेपी 3 सीटें आसानी से जीत लेगी और एक सीट से बीजेडी को संतोष करना पड़ सकता है।

एनसीपी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार, अभिषेक मनु सिंघवी और प्रियंका चतुर्वेदी का कार्यकाल खत्म हो रहा है। इसके अलावा राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश सिंह से लेकर उपेंद्र कुशवाहा का भी टर्म पूरा हो रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे (कर्नाटक) के लिए री-इलेक्शन की कोशिश हो रही है, लेकिन स्पेकुलेशन है कि वह नहीं लौटेंगे। दिग्विजय सिंह (मध्य प्रदेश) को कमलनाथ की जगह थर्ड टर्म नहीं मिलेगा। एचडी देवगौड़ा (कर्नाटक) जेडीएस के पास नंबर नहीं है इसलिए रिटायरमेंट संभव है। शरद पवार (महाराष्ट्र) टर्म एंड, एनसीपी शरद पवार कमजोर, रंजन गोगोई (नॉमिनेटेड) मार्च में रिटायर, परिमल नथवानी (आंध्र) बीजेपी सेकंड टर्म नहीं देगी, बिकाश रंजन भट्टाचार्य सीपीआई एम। ऐसे में देखना है कि इन दिग्गज नेताओं में से किसकी वापसी होती है, इसके अलावा किस दल को किसे फायदा और किसे नुकसान होगा। कुल मिलाकर, 2026 राज्यसभा में एनडीए और मजबूत होगा, जो विधेयकों पास करने में आसानी देगा। विपक्ष को रणनीति बदलनी पड़ेगी।

-राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार

## वर्ग पहेली नं. 3358

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | | ■ | 7 | 8 | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | 12 | |
| | ■ | 13 | 14 | ■ | 15 | | 16 | ■ | |
| 17 | 18 | ■ | 19 | | | ■ | 20 | 21 | |
| ■ | 22 | 23 | | ■ | ■ | 24 | | | ■ |
| 25 | | | ■ | 26 | 27 | | ■ | | ■ |
| | ■ | 28 | | | | ■ | 29 | | 30 |
| 31 | | | ■ | 32 | | | | ■ | |

*बायें से दायें:-* 1) नवप्रसूता, 2) विश्वासघाती, 6) तराजू का पलड़ा, 7) कठिन, 9) उपहार, 10) अविलंब, 12) मूलधन, 13) रीतिरिवाज; धोखे की बात, 15) यौवन, 17) जीजी, 19) प्रस्थान, 20) बोझ रखना, 22) कमीज़ का पल्ला, 24) जंग, 25) दोज़ख़, 26) छिलका, 28) मौजमस्ती करनेवाला, 29) माथा, 31) वीणापाणि देवर्षि, 32) भटकाना.

*ऊपर से नीचे:-* 1) वाचाप्रतिबंध, 2) धावा, 3) दिल-बहलाव, 4) शरीर की नस, 5) इच्छाओं को दबाना, 6) परीक्षा का प्रश्नपत्र, 8) मक्का - मदीना यात्रा, 11) रोटी सेंकने का छिछला पात्र, 14) जुनून; धुन, 16) सार्वजनिक बिक्री, 18) दर्शन; मुलाक़ात, 21) प्रार्थनापत्र, 23) फूल का केसर, 24) झूठरहित, 25) इधर - उधर भेजना; घुमाना, 26) मसालेदार भुना मांस, 27) कारण, 29) निषिद्ध, 30) घेरा; वर्ग.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| को | ■ | च | ■ | स | ह | दे | ब | ■ | बा |
| ल | ■ | ह | रा | मी | ■ | ■ | न | म | स्ते |
| का | हि | ल | ■ | प | ह | ल | वा | न | ■ |
| ता | ■ | प | पी | ता | ■ | ■ | स | न | की |
| ■ | चा | ह | ना | ■ | बा | द | ■ | ■ | र्ति |
| ■ | ला | ल | ■ | पि | घ | ल | ना | ■ | गी |
| त | क | ■ | कु | छ | ■ | ■ | ग | णि | त |
| नि | ■ | घृ | ■ | ड़ | ■ | रि | पु | ■ | ■ |
| क | रु | णा | ज | न | क | ■ | र | वै | या |

## सुडोकू-पहेली-3316

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| | 4 | | | 3 | | 2 | | |
| | 6 | | | | | | 4 | 5 |
| | 7 | | | 4 | 3 | 8 | | 1 |
| | 1 | 6 | 7 | | | | | |
| | | | | 6 | | 5 | | |
| | | | 9 | | | | 8 | |
| 7 | | | | | 4 | 3 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 7 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3315 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 4 | 8 |
| 8 | 4 | 6 | 9 | 1 | 7 | 2 | 3 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 8 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 | 5 | 9 |
| 5 | 9 | 1 | 7 | 2 | 3 | 6 | 8 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 6 | 9 | 5 | 1 | 7 | 2 |
| 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 8 | 4 | 9 | 1 |
| 2 | 7 | 9 | 4 | 5 | 1 | 8 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 4 | 3 | 6 | 9 | 5 | 2 | 7 |

एसआईआर पर बंगाल में घमासान, 'सुप्रीम' निर्देश के बाद हरकत में राज्य चुनाव आयोग

# 28 फरवरी को जारी होगी अंतिम मतदाता सूची

## लॉजिकल गड़बड़ियों को लेकर बाद में होगा फैसला

**कोलकाता, समाज्ञा :** सुप्रीम कोर्ट के निर्देश और राज्य में ममता सरकार बनाम चुनाव आयोग के बीच बढ़ते विवाद को देखते हुए राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज कुमार अग्रवाल ने इस अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन में अपना रुख साफ किया है। मनोज अग्रवाल ने इस पूरे मामले में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को भरोसा दिलाया है कि अंतिम मतदाता सूची 28 फरवरी को तय समय पर जारी की जाएगी। सीईओ कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, जिन मामलों में तार्किक विसंगतियां पाई गई हैं, उन्हें अलग रखकर न्यायिक अधिकारियों के पास भेजा जाएगा। इन मामलों की जांच सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार सेवा में कार्यरत और सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों की तरफ से की जाएगी। बाकी सभी नामों के साथ अंतिम सूची 28 फरवरी को प्रकाशित कर दी जाएगी। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मुख्य चुनाव



आयुक्त ने खुद राज्य के सीईओ से संपर्क कर पूछा कि क्या इस आदेश के कारण अंतिम मतदाता सूची जारी करने की तारीख टालनी पड़ेगी। इस पर, सीईओ ने साफ कहा कि तय कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं होगा। जिन मामलों को न्यायिक अधिकारियों के पास भेजा जाएगा, उनके फैसले बाद में एक पूरक सूची के रूप में जारी किए जाएंगे।

**❑ सीईओ ने की उच्च स्तरीय बैठक**

इस दिन, सीईओ ने अतिरिक्त सीईओ, संयुक्त सीईओ, उप-सीईओ और विशेष रोल पर्यवेक्षकों के साथ एक वर्चुअल बैठक की। इस बैठक में सभी जिलाधिकारियों (जो जिला निर्वाचन अधिकारी भी होते हैं) से पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की जानकारी ली गई। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि दस्तावेजों की जांच और आपत्तियों के निपटारे का काम तेज किया जाए। सीईओ ने साफ कहा कि किसी भी तरह की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कुछ जिलों के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें जांच पूरी करने के लिए 4-5 दिन अतिरिक्त लग सकते हैं।

## भांगड़ में 'युवसाथी' कैंप को लेकर हंगामा, मौके पर पहुंची पुलिस

**कोलकाता :** 'युवसाथी' परियोजना को लेकर दक्षिण 24 परगना जिले के भांगड़ क्षेत्र में शुक्रवार को तनाव की स्थिति बन गई। आरोप है कि अधिकारियों के देरी से पहुंचने पर बड़ी संख्या में युवकों ने नाराजगी जताई और विरोध प्रदर्शन किया।

घटना भांगड़-2 ब्लॉक के भगवानपुर इलाके स्थित पिटापुकुर प्राथमिक विद्यालय की है, जहां 'युवसाथी' कैंप का आयोजन किया गया था। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, फॉर्म जमा करने के लिए सुबह से ही कई युवक स्कूल परिसर में पहुंच गए थे और लंबी कतार में खड़े रहे। लेकिन निर्धारित समय पर कैंप शुरू नहीं होने से आक्रोश फैल गया।

बताया गया है कि करीब सुबह 11 बजे संबंधित अधिकारी कैंप स्थल पर पहुंचे। उनके देरी से आने पर लाइन में खड़े युवकों और स्थानीय लोगों ने विरोध जताया और अधिकारियों को घेरकर प्रदर्शन किया। स्थिति तनावपूर्ण होते देख सूचना मिलने पर पोलरहाट थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया और प्रदर्शनकारियों को शांत कराया। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने अधिकारियों से देरी के कारणों पर भी सवाल किया। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है।

पुलिस ने पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं. : सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/25/65** **दिनांक :18.02.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत चंदननगर एवं तारकेश्वर रेलवे स्टेशनों पर वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) का अनुबंध प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। **कैटलॉग सं.: पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-25-65, नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 05.03.2026 को 12.00 बजे। **क्रम सं., लॉट सं., विवरण** निम्नानुसार हैं: **एए/1, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-सीजीआर-ओएच-161-26-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम),** चंदननगर रेलवे स्टेशन पर सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय साझा करने के आधार पर वाणिज्यिक विज्ञापनों के दायरे के साथ रेलवे सूचना की प्रदर्शनी के लिए 04 (चार) वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) की आपूर्ति, स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव के लिए पांच (05) वर्ष की अवधि हेतु अनुबंध प्रदान करना। **एए/2, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-टीएके-ओएच-162-26-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम),** तारकेश्वर रेलवे स्टेशन पर सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय साझा करने के आधार पर वाणिज्यिक विज्ञापनों के दायरे के साथ रेलवे सूचना की प्रदर्शनी के लिए 01 (एक) वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के परिचालन एवं रखरखाव के लिए पांच (05) वर्ष की अवधि हेतु अनुबंध प्रदान करना।

HWH-637/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## एसआईआर 'उत्पीड़न' के मामले में मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ थाने में शिकायतें दर्ज

**❑ तृणमूल विधायक शौकत मुल्ला ने 33 हजार नाम हटाने की साजिश का लगाया आरोप**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के खिलाफ एसआईआर प्रक्रिया के दौरान लोगों के कथित उत्पीड़न को लेकर शुक्रवार को दक्षिण 24 परगना जिले के एक पुलिस थाने में कई शिकायतें दर्ज कराई गईं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कैनिंग पूर्व के विधायक शौकत मुल्ला के साथ सात लोगों ने जीवनतला पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के दौरान उन्हें उत्पीड़न का सामना करना पड़ा।




उन्होंने कहा कि हमें एसआईआर प्रक्रिया के दौरान कथित उत्पीड़न को लेकर सीईसी के खिलाफ सात शिकायतें मिली हैं और हम उनकी जांच करेंगे। शौकत मुल्ला ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र के सात लोगों ने एसआईआर प्रक्रिया के दौरान कथित उत्पीड़न के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। तृणमूल विधायक ने कहा कि पिछले तीन दिनों में मेरे निर्वाचन क्षेत्र में लगभग 33,000 नामों को मतदाता सूची से हटाने की सिफारिश की गई है। इस कदम का उद्देश्य वास्तविक मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करना है। इनमें से कई लोगों के पास दस्तावेज हैं और वे पहले ही एसआईआर सुनवाई में भाग ले चुके हैं। मुल्ला ने दावा किया कि इन नामों में से लगभग 90 प्रतिशत मुस्लिम समुदाय के हैं। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर 'भाजपा के लिए दलाल के रूप में काम करने' का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि सीईसी अल्पसंख्यक मतदाताओं की संख्या कम करने के लिए साजिश रच रहे हैं।

## चुनाव से पहले राज्य में बड़ा रोजगार अभियान, स्वास्थ्य विभाग में 9 हजार नियुक्तियां

**कोलकाता :** राज्य के स्वास्थ्य विभाग में बड़े पैमाने पर भर्ती प्रक्रिया पूरी की गई है। फार्मासिस्ट से लेकर जीएनएम नर्सिंग, स्टाफ नर्स से लेकर मेडिकल टेक्नोलॉजिस्ट तक विभिन्न पदों पर भारी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए। कई पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। स्वास्थ्य विभाग की अधिसूचना के अनुसार 'जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी' (जीएनएम) के लिए कुल 3,363 रिक्तियों की घोषणा की गई थी। इन पदों के लिए 40 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। कंप्यूटर टेस्ट और इंटरव्यू के बाद चयनित अभ्यर्थियों की पैनल सूची जारी कर दी गई है। इसके अलावा राज्य के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में कुल 416 असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्ति की गई है। 47 विभिन्न विभागों में लगभग 522 रिक्त पद थे, जिन पर सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति की गई है। जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर (जीडीएमओ) के 1,227 पद रिक्त थे, जिनके लिए लगभग आठ गुना आवेदन आए। कुल 8,049 अभ्यर्थियों में से 1,132 उम्मीदवारों का पैनल प्रकाशित किया गया है। जल्द ही फार्मासिस्ट पदों के लिए भी पैनल जारी होने की संभावना है। मेडिकल टेक्नोलॉजिस्ट के 807 रिक्त पदों के लिए 4,297 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 4,020 अभ्यर्थियों को कंप्यूटर टेस्ट के लिए चयनित किया गया और परिणाम के आधार पर 1,547 उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया है। विभाग ने संकेत दिया है कि इंटरव्यू प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर नियुक्तियां की जाएंगी। इन नियुक्तियों के तहत 2,611 स्टाफ नर्सों को भी नौकरी मिली है। स्वास्थ्य विभाग के इस बड़े भर्ती अभियान को राज्य में व्यापक रोजगार सृजन के रूप में देखा जा रहा है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य,** वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिए आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। क्रम सं0: 1 **ई-निविदा सूचना सं0 एवं निविदा कार्य का विवरण :** टेण्डर नं. - "53-जीकेपी-एमडब्ल्यूएस-2025-26" "मोडिफिकेशन फॉर शिफ्टिंग ऑफ ईपीपीएफएस फ्राम अंडरस्लंग्स टु ऑनबोर्ड इन एलएचबी कोचेज एट मैकेनिकल वर्कशॉप, गोरखपुर फॉर 12 मन्थ्स" **अनुमानित लागत (रु. में) :** 27531571.20 **धरोहर राशि (रु.में):** 287700.00 **निविदा समापन की तिथि एवं अवधि:** 11.00 बजे 13.03.2026 **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु0 शून्य **संविदा की अवधि :** 12 माह ● उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट संख्या **http://www.ireps.gov.in.** पर देखें।

उप मुख्य यांत्रिक इंजी.(कार्य) गोरखपुर

मुजाधि/यांत्रिक-142

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

पूर्व रेलवे के तहत हावड़ा मंडल के ई-नीलामी कार्यक्रम के विज्ञापन के लिए, **वर्ष 2026 के फरवरी माह के लिए पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के ई-नीलामी कार्यक्रम** के संबंध में शुद्धिपत्र, जो पूर्व में इस समाचार पत्र में मुख्य सामग्री प्रबंधक/सेल्स द्वारा प्रकाशित किया गया था, इसमें निम्नानुसार आंशिक संशोधन किया गया है: **हावड़ा मंडल : मौजूदा तिथि :** 23.02.2026, **संशोधित तिथि: 27.02.2026,** अन्य सभी डिपो/मंडलों की अन्य तिथियाँ एवं नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

Stores-71/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं. : सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/25/66** **दिनांक : 18.02.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत बर्द्धमान स्टेशन पर फार्मेसी के साथ इमर्जेंसी मेडिकल रूम, हावड़ा स्टेशन पर पार्किंग सुविधा के साथ ईवी चार्जिंग स्टेशन एवं बेलुड़मठ स्टेशन पर मल्टी-फंक्शनल कॉम्प्लेक्स (एमएफसी) का अनुबंध प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। **कैटलॉग सं.: पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-25-66, नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 05.03.2026 को 14.00 बजे। **क्रम सं., लॉट सं., विवरण** निम्नानुसार हैं: **(1) एए/1,** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-एमईडीएसटीएन-62-26-1 (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-स्टेशन पर चिकित्सा सुविधाएं), पाँच (05) वर्ष की अवधि के लिए बर्द्धमान रेलवे स्टेशन पर फार्मेसी के साथ इमर्जेंसी मेडिकल रूम की स्थापना एवं परिचालन के लिए अनुबंध प्रदान करना। **(2) एबी/1,** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ईवीसी-5-26-1 (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-ईवी चार्जिंग स्टेशन्स), पाँच (05) वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा स्टेशन पर पार्किंग सुविधा के साथ ईवी चार्जिंग स्टेशन की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **(3) एसी/1,** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-बीआरएमएच-एमएफसी-71-26-1 (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-मल्टी फंक्शनल कॉम्प्लेक्स), 10 वर्ष की अवधि के लिए पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के तहत संलग्न स्केच प्लान के अनुसार बेलुड़मठ स्टेशन पर मल्टी-फंक्शनल कॉम्प्लेक्स (एमएफसी) के विकास, परिचालन एवं रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। (प्लिन्थ एरिया-377.931 वर्ग मीटर)।

HWH-636/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## बकाया डीए मामले में अवमानना याचिका लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा 'संग्रामी संयुक्त मंच', तुरंत भुगतान की मांग

**नई दिल्ली/कोलकाता :** राज्य के सरकारी कर्मचारियों के बकाया महंगाई भत्ते (डीए) को लेकर ममता सरकार और कर्मचारियों के बीच कानूनी जंग तेज हो गई है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा बकाया डीए का 25 प्रतिशत हिस्सा तुरंत भुगतान करने के आदेश के बावजूद, अब तक राशि न मिलने पर कर्मचारी संगठनों ने कड़ा रुख अपनाया है। राज्य सरकार के कर्मचारियों का संगठन 'संग्रामी संयुक्त मंच' ने राज्य सरकार पर अदालत की अवमानना का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इससे पूर्व, पांच फरवरी को शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया था कि महंगाई भत्ता सरकारी कर्मचारियों का कानूनी अधिकार है और इसे रोका नहीं जा सकता। अदालत ने राज्य को बकाया का 25 प्रतिशत तुरंत जारी करने और शेष 75 प्रतिशत के भुगतान के लिए एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति गठित करने का निर्देश दिया था, जिसकी अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश करेंगे। समिति को 31 मार्च तक पहली किस्त तय करनी थी। संगठन के संयोजक भास्कर घोष का कहना है कि सरकार की नीयत भुगतान करने की नहीं दिख रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य सचिव और वित्त सचिव को नोटिस भेजने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिला। यहां तक कि अदालत द्वारा गठित समिति ने भी बातचीत का प्रयास किया, लेकिन सरकार की ओर से समय नहीं दिया गया। इसी 'इच्छाशक्ति के अभाव' को देखते हुए अब शीर्ष अदालत से न्याय की गुहार लगाई गई है।

## 'वंदे मातरम' को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट में जनहित याचिका, केंद्र की अधिसूचना को चुनौती

**कोलकाता :** 'वंदे मातरम' को लेकर कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका में केंद्र सरकार की हालिया अधिसूचना को चुनौती दी गई है। मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल की डिवीजन बेंच का ध्यान आकर्षित करते हुए मामले की शीघ्र सुनवाई की मांग की गई है। मामले की सुनवाई अगले सप्ताह होने की संभावना है।



याचिकाकर्ता के अधिवक्ता उपांशु सुर का दावा है कि 28 जनवरी 2026 को केंद्र सरकार ने 'वंदे मातरम' के चार अतिरिक्त स्तोत्रों को जोड़ते हुए अधिसूचना जारी की। उनका कहना है कि मूल रचना में छह स्तोत्र थे, लेकिन 1937 में रवीन्द्रनाथ ठाकुर और महात्मा गांधी की सलाह पर देश की सांप्रदायिक सौहार्द्र और समावेशिता को ध्यान में रखते हुए चार स्तोत्रों को हटाया गया था। बाद में 1950 में इसी परंपरा को औपचारिक रूप से लागू किया गया।

याचिका में प्रश्न उठाया गया है कि केंद्र की नई अधिसूचना के तहत जोड़े गए स्तोत्रों से कहीं देश की सांप्रदायिक सद्भावना प्रभावित तो नहीं होगी। अदालत से इस मुद्दे पर हस्तक्षेप की मांग की गई है।

मामले को लेकर राजनीतिक और कानूनी हलकों में चर्चा तेज हो गई है।

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए प्रधान मुख्य अभियंता, मेट्रो रेलवे, कोलकाता द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के तहत निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** मेट्रो रेलवे, कोलकाता की ग्रीन लाइन (सॉल्ट लेक सेक्टर-V से हावड़ा मैदान खंड) में रेल गेज फेस लुब्रिकेटर मशीन की आपूर्ति, फिक्स करना, आरंभ एवं रखरखाव। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु.2,10,51,120.00, **बयाना राशि:** रु. 2,55,300/-, **समापन अवधि:** 60 माह। **अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 17.03.2026 को 12.00 बजे। निविदा कागजात और अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। किसी संयोजनी/संशोधनी को केवल वेबसाइट पर जारी किया जाएगा।

**संक्षिप्त ई-निविदा सूचना सं. : सिविल-2551-2026 (खुली)**

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

**Khanakul-II Development Block**
Senhat, Rajhati, Bandar, Hooghly

**NOTICE INVITING TENDER**

The BDO Kh-II, **NIeT No. 142/BDO KH-II/2025-26, Date: 20.02.2026. Tender ID- 2026_ZPHD_1011556_1** for C.C. Road. Bids Submission Ends **09.03.2026 up to 03.00 P.M & NIeT No. 143/BDO Kh-II/2025-26, Date: 20.02.2026. Tender ID- 2026_ZPHD_1011569_1** for Science Lab. Bids Submission Ends **09.03.2026 up to 03.00 P.M.** For details visit wbtenders.gov.in

Sd/-
Block Dev. Officer
Khanakul-II Dev. Block

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं. : सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/25/67** **दिनांक : 19.02.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है।

**कैटलॉग सं.: पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-25-67**

**क्रम सं.: एए/1, लॉट सं.: एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-डीकेएई-ओएच-160-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), विवरण:** डानकुनी रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से रेलवे सूचना और वाणिज्यिक विज्ञापन के परिचालन, रखरखाव एवं प्रदर्शन के लिए पांच (05) वर्ष की अवधि हेतु अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.:एए/2, लॉट सं.: एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एनडीएई-ओएच-157-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), विवरण:** नबद्वीपधाम रेलवे स्टेशन के अस्थायी बुकिंग कार्यालय के पास सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के दायरे के साथ रेलवे सूचना के प्रदर्शन के लिए पांच (05) वर्ष की अवधि हेतु अधिकार प्रदान करना। **क्रम सं.:एए/3, लॉट सं.:एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-केडब्ल्यूएई-ओएच-156-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), विवरण:** कटवा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के दायरे के साथ रेलवे सूचना के प्रदर्शन के लिए पांच (05) वर्ष की अवधि हेतु अधिकार प्रदान करना। **क्रम सं. : एए/4, लॉट सं.:एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएच-142-26-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), विवरण:** हावड़ा रेलवे स्टेशन में मनुमेंटल फ्लैग एरिया के सामने 04 (चार) ग्लोबॉल टावरों की स्थापना और रखरखाव के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन के लिए पांच (05) वर्ष की अवधि हेतु अनुबंध प्रदान करना। **नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 06.03.2026 को 12.00 बजे प्रतेयेक हेतु)

HWH-640/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## बेनियापुकुर में दुकान में लगी आग, दमकल की दो गाड़ियों ने पाया काबू

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व डिवीजन के अंतर्गत बेनियापुकुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह एक दुकान में आग लगने की घटना सामने आई। आग सुबह करीब 7:50 बजे गोराचांद रोड स्थित 46एम नंबर परिसर में बने एक एस्बेस्टस शेड वाली दुकान में लगी। आग लगने की सूचना पाकर दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। कड़ी मशक्कत के बाद सुबह करीब 9:10 बजे आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी के घायल होने या फंसे होने की कोई खबर नहीं है। आग लगने के कारण और नुकसान की सीमा का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। दमकल और पुलिस की ओर से मामले की जांच की जा रही है।

## एसएससी ने ग्रुप सी और डी की परीक्षाओं के लिए जारी किए सख्त नियम, जूते पहनने पर लगाई रोक

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) ने आगामी ग्रुप 'सी' और ग्रुप 'डी' भर्ती परीक्षाओं में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों के भीतर बंद जूते या बूट पहनकर आने पर रोक लगा दी है। आयोग ने अभ्यर्थियों को चप्पल या सैंडल पहनकर आने का निर्देश दिया है। बता दें कि लिखित परीक्षाएं राज्यभर में एक मार्च और आठ मार्च को आयोजित की जाएंगी। आयोग के अध्यक्ष सिद्धार्थ मजूमदार ने कहा कि बंद जूतों के कारण तलाशी की प्रक्रिया में कठिनाई होती है और इससे अनुचित साधनों के उपयोग को रोकने में बाधा उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने कहा कि यदि हवाई अड्डे की सुरक्षा जांच के दौरान लोग जूते उतार सकते हैं, तो परीक्षा केंद्र में इस



नियम पर आपत्ति क्यों? आयोग ने संशोधित निर्देशों सहित प्रवेश पत्र डाउनलोड के लिए उपलब्ध करा दिए हैं। मजूमदार ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय पारदर्शिता सुनिश्चित करने और जूतों के भीतर मोबाइल फोन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण छिपाकर लाने की संभावनाओं को रोकने के उद्देश्य से लिया गया है। आयोग ने परीक्षा कक्ष के भीतर आभूषण और धातु की वस्तुएं ले जाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। केवल पारदर्शी कलम और पानी की बोतल की अनुमति होगी, जबकि कलाई घड़ी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। प्रतिबंधित वस्तुएं साथ लाने वाले अभ्यर्थियों को उन्हें प्रवेश से पूर्व निर्धारित काउंटर पर जमा कराना होगा। मजूमदार ने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और यदि कोई अभ्यर्थी प्रतिबंधित वस्तु के साथ पकड़ा जाता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। आयोग के अनुसार समूह 'सी' परीक्षा के लिए लगभग आठ लाख 13 हजार तथा समूह 'डी' परीक्षा के लिए लगभग आठ लाख 20 हजार अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है। राज्यभर में करीब एक हजार सात सौ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

**स्पेशल ट्रेन**

**हावड़ा और नई दिल्ली एवं कोलकाता और योग नगरी ऋषिकेश के बीच**

आगामी **होली उत्सव** के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, **नई दिल्ली और हावड़ा एवं योग नगरी ऋषिकेश और कोलकाता** के बीच स्पेशल ट्रेनें निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, आवागमन की तिथियों और गठन के अनुसार चलेंगी: -

**04052/04051 नई दिल्ली-हावड़ा-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन**

| नई दिल्ली-हावड़ा | | | (04052) (04051) | हावड़ा-नई दिल्ली | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| दिन 1 | -- | 18.15 | ↓ नई दिल्ली | 08.20 | -- | दिन 2 |
| दिन 2 | 05.55 | 06.05 | प्रयागराज जंक्शन | 18.40 | 18.45 | दिन 1 |
| | 13.10 | 13.20 | पटना जंक्शन | 11.40 | 11.50 | |
| | 17.32 | 17.34 | जसीडीह जंक्शन | 07.20 | 07.22 | |
| | 19.17 | 19.22 | आसनसोल जंक्शन | 04.50 | 04.55 | |
| | 23.40 | -- | हावड़ा जंक्शन ↑ | -- | 01.40 | |

**उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें** दोनों दिशाओं में मार्ग में गाजियाबाद, अलीगढ़ जंक्शन, टूंडला जंक्शन, गोविंदपुरी, मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, बख्तियारपुर जंक्शन, किऊल जं., झाझा, जसीडीह जंक्शन, मधुपुर जंक्शन, चित्तरंजन, दुर्गापुर, बर्द्धमान और बैण्डेल स्टेशनों पर भी रुकेंगी। ● **आवागमन के दिन/तिथि : नई दिल्ली से : 04052** दिनांक 25.02, 26.02, 27.02, 28.02, 01.03, 02.03 और 03.03.2026 को = 7 ट्रिप। **हावड़ा से : 04051** दिनांक 27.02, 28.02, 01.03, 02.03, 03.03, 04.03 और 05.03.2026 को = 7 ट्रिप। **गठन:** एसी प्रथम श्रेणी - 01, एसी 2-टियर - 03, एसी -3 टियर - 09, एसी 2-टियर कम एसी 3-टियर - 01, एसएलआरडी - 02 = 16 कोच। ● **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**04312/04311 योग नगरी ऋषिकेश-कोलकाता-योग नगरी ऋषिकेश स्पेशल ट्रेन**

| योग नगरी ऋषिकेश-कोलकाता | | | (04312) (04311) | कोलकाता-योग नगरी ऋषिकेश | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| दिन 1 | -- | 22.20 | ↓ योग नगरी ऋषिकेश | 22.25 | -- | दिन 2 |
| दिन 2 | 16.00 | 16.10 | वाराणसी | 05.05 | 05.15 | |
| | 20.50 | 21.00 | गया | 00.25 | 00.30 | |
| दिन 3 | 02.00 | 02.05 | आसनसोल जंक्शन | 18.03 | 18.08 | दिन 1 |
| | 08.00 | -- | कोलकाता ↑ | -- | 13.55 | |

**उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें** दोनों दिशाओं में मार्ग में हरिद्वार जंक्शन, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, आलम नगर, उतरैतिया जंक्शन, रायबरेली जंक्शन, मां बेलहा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, कोडरमा, पारसनाथ, एनएससी बोस जे गोमो, धनबाद जंक्शन, दुर्गापुर, बर्द्धमान, बैण्डेल और नैहाटी जंक्शन स्टेशनों पर भी रुकेंगी। ● **आवागमन के दिन/तिथि : योग नगरी ऋषिकेश से: 04312** दिनांक 26.02.2026 (गुरुवार) और 02.03.2026 (सोमवार) को = 2 ट्रिप। **कोलकाता से: 04311** दिनांक 28.02.2026 (शनिवार) को और 04.03.2026 (बुधवार) को = 2 ट्रिप। **गठन:** एसी 2-टियर - 01, एसी 3-टियर - 03, शयनायान श्रेणी - 05, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 05, एसएलआरडी - 02 = 16 कोच। ● **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

## विधानसभा चुनाव : कुछ दिग्गज मंत्रियों और वरिष्ठ विधायकों की सीट बदलने के आसार

### ममता ने शीर्ष नेतृत्व के साथ दो दिन की बंद कमरे में बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए 294 सीटों पर उम्मीदवार चयन की प्रारंभिक प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। सूत्रों के अनुसार, सत्तारूढ़ तृणमूल नेतृत्व कुछ भारी-भरकम मंत्रियों और वरिष्ठ विधायकों की सीट बदलने पर विचार कर रहा है। बताया जा रहा है कि बुधवार और गुरुवार को कोलकाता के कालीघाट स्थित मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आवास पर शीर्ष नेतृत्व की दो चरणों में बंद कमरे की बैठकें हुईं। इन बैठकों में आगामी विधानसभा चुनाव के संभावित उम्मीदवारों के नामों पर प्रारंभिक चर्चा की गई। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, कुछ मौजूदा कैबिनेट मंत्रियों और वरिष्ठ विधायकों के नामों पर विचार हुआ है, जिन्हें इस बार अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों से मैदान में उतारा जा सकता है। साथ ही, ऐसे मौजूदा विधायकों के नामों पर भी चर्चा हुई, जिन्हें इस बार पुन: नामांकन न देकर संगठनात्मक जिम्मेदारियों में लगाया जा सकता है। बैठकों में उम्मीदवारों की सूची में 'पुराने अनुभवी नेताओं' और 'नए चेहरों' के बीच संतुलन बनाने की रणनीति पर भी विचार-विमर्श हुआ। पार्टी नेतृत्व इस बार उम्मीदवारों की सूची में कुछ गैर-राजनीतिक और चर्चित चेहरों को शामिल करने पर भी विचार कर रहा है। सूत्रों का कहना है कि मनोरंजन जगत, मीडिया और अन्य पेशेवर क्षेत्रों से जुड़े कुछ प्रमुख व्यक्तियों को टिकट दिया जा सकता है। इस बार, उम्मीदवारों की सूची में कुछ बड़े चौंकाने वाले नाम हो सकते हैं।

**❑ राज्यसभा सीटों के चुनाव पर भी हुआ मंथन**

इसी बीच, 16 मार्च को होने वाले पांच राज्यसभा सीटों के चुनाव को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है। विधानसभा में संख्याबल के आधार पर तृणमूल कांग्रेस चार सीटें आसानी से जीत सकती है, जबकि एक सीट पर भारतीय जनता पार्टी को संतोष करना पड़ सकता है। सूत्रों के अनुसार, जिन चार सीटों पर तृणमूल कांग्रेस की जीत लगभग तय मानी जा रही है, उनमें से तीन पर पार्टी के वरिष्ठ और कोर नेतृत्व से जुड़े नेता उम्मीदवार होंगे। चौथी सीट पर एक गैर-राजनीतिक चेहरा उतारा जा सकता है, जिसका राष्ट्रीय राजधानी में मजबूत नेटवर्क और प्रभाव हो। आगामी दिनों में पार्टी की ओर से उम्मीदवारों की पहली सूची जारी किए जाने की संभावना है, जिस पर राजनीतिक हलकों की नजरें टिकी हैं।

**सियालदह मंडल के तहत ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

सीमित ऊंचाई के सबवे के कार्य के लिए, चांदपाड़ा-ठाकुरनगर अनुभाग में किमी. 62/27बी से 62/29बी तक तथा 62/28बी से 62/30बी तक बनिकपाड़ा में अप एवं डाउन दोनों लाइनों पर **दिनांक 21.02.2026 (शनिवार) को 22.45 बजे से 22.02.2026 (रविवार) को 07.45 बजे तक 9 घंटे के लिए ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक** आवश्यक होगा। फलस्वरूप, ट्रेनों के संचालन के लिए नीचे उल्लेखित व्यवस्थाएं की गई हैं: **निरस्तीकरण: दिनांक 21.02.2026 (शनिवार) को : सियालदह-बनगाँव-** 33851, 33859, 33861, 33863 अप/ 33854, 33856, 33858, 33860 डाउन। **दिनांक 22.02.2026 (रविवार) को: सियालदह-बनगाँव** - 33819 अप/33820 डाउन। **बारासात-बनगाँव-** 33369 अप/ 33368 डाउन. ●**संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू : दिनांक 21.02.2026 (शनिवार) : 33857** सियालदह-बनगाँव लोकल ट्रेन गोबरडांगा में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। **दिनांक 22.02.2026 (रविवार): 33811/33812, 33813/33814, 33815/33816, 33817/33818** सियालदह-बनगाँव-सियालदह लोकर ट्रेनें गोबरडांगा में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी/वहीं से संक्षिप्त यात्रा शुरु करेगी। **33822** एवं **33824** बनगाँव-सियालदह लोकल ट्रेनें गोबरडांगा से संक्षिप्त यात्रा शुरु करेगी। **33361** बारासात-बनगाँव लोकल ट्रेन गोबरडांगा में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। **30342** बनगाँव-माझेरहाट लोकल ट्रेन बारासात से संक्षिप्त यात्रा शुरु करेगी।

सीमित ऊंचाई के सबवे के कार्य के लिए, कृष्णनगर सिटी जंक्शन-लालगोला अनुभाग में देबग्राम एवं पागलाचंडी स्टेशनों के बीच किमी. 141/23-25 में लेवल क्रॉसिंग गेट सं. 92सी/ई में अप एवं डाउन दोनों लाइनों पर **दिनांक 22.02.2026 (रविवार) को 09.50 बजे से 15.50 बजे तक 6 घंटे के लिए ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक** आवश्यक होगा। फलस्वरूप, ट्रेनों के संचालन के लिए नीचे उल्लेखित व्यवस्थाएं की गई हैं: ●**निरस्तीकरण : दिनांक 22.02.2026 (रविवार) को: कृष्णनगर सिटी जंक्शन-लालगोला** -31861 अप/31864 डाउन। **सियालदह-लालगोला-** 53175 अप/ 53179 डाउन. ●**संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू : दिनांक 21.02.2026 (शनिवार) : 63101** कोलकाता-लालगोला पैसेंजर ट्रेन राणाघाट में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। **दिनांक 22.02.2026 (रविवार): 31819** सियालदह-कृष्णनगर सिटी जंक्शन लोकल ट्रेन राणाघाट में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। **63102** लालगोला-कोलकाता पैसेंजर ट्रेन राणाघाट से संक्षिप्त यात्रा शुरु करेगी। **31773** राणाघाट-लालगोला लोकल ट्रेन देबग्राम में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी तथा **31768** लालगोला-राणाघाट लोकल ट्रेन लालगोला के स्थान पर देबग्राम से संक्षिप्त यात्रा शुरु करेगी। **63107** सियालदह-लालगोला एमईएमयू ट्रेन देबग्राम में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी तथा **63104** लालगोला-सियालदह एमईएमयू ट्रेन लालगोला के स्थान पर देबग्राम से संक्षिप्त यात्रा शुरु करेगी। **31769** राणाघाट-लालगोला लोकल ट्रेन देबग्राम में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी तथा **31770** लालगोला-राणाघाट लोकल ट्रेन लालगोला के स्थान पर देबग्राम से संक्षिप्त यात्रा शुरु करेगी।

ब्लॉक की अवधि के दौरान ट्रेनें विलम्ब से चल सकती है। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# बेलडांगा हिंसा : केस डायरी नहीं सौंप रही पुलिस, एनआईए ने हाई कोर्ट में की शिकायत

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में हुई हिंसा की जांच को लेकर नया कानूनी विवाद खड़ा हो गया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने केस डायरी उपलब्ध न कराने का आरोप लगाते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय में शिकायत दर्ज कराई है। शुक्रवार को मुख्य न्यायाधीश की डिवीजन पीठ के समक्ष एनआईए के अधिवक्ता ने कहा कि बेलडांगा हिंसा प्रकरण में अब तक केस डायरी एजेंसी को नहीं सौंपी गई है। वहीं, राज्य सरकार ने उच्चतम न्यायालय के निर्देश के आधार पर सुनवाई के आवेदन और निचली अदालत द्वारा



रिकॉर्ड हस्तांतरण के आदेश को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में नई अर्जी दाखिल की है। मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल और न्यायमूर्ति चैताली चट्टोपाध्याय दास की डिवीजन पीठ ने स्पष्ट किया कि मामले की अगली सुनवाई मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल और न्यायमूर्ति पार्थसारथी सेन की डिवीजन पीठ में होगी।

### एनआईए जांच को लेकर भाजपा और तृणमूल में तीखी बहस

**प्रदेश भाजपा ने शुक्रवार को राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर पिछले महीने बेलडांगा में हुए दंगों की राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा की जा रही जांच का विरोध करने और उसमें बाधा डालने का आरोप लगाया। लेकिन, सत्तारूढ़ दल ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि केंद्रीय एजेंसियां सहयोग मिलने के बावजूद अक्सर ऐसे दावे करती रहती हैं। भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने दावा किया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को हत्या और दुष्कर्म सहित अन्य मामलों में जिस तरह के प्रतिरोध का सामना करना पड़ा है, वैसा ही प्रतिरोध एनआईए को भी करना पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि यहां तो कोई सरकार ही नहीं है। एक पोस्ट में प्रदेश भाजपा ने दावा किया कि सरकार बेलडांगा हिंसा की एनआईए जांच का विरोध कर रही है और कथित तौर पर मामले से संबंधित दस्तावेजों को केंद्रीय एजेंसी को सौंपने से इनकार कर दिया है। विपक्षी दल ने सत्तारूढ़ दल पर ऐसी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया जो आंतरिक सुरक्षा को प्रभावित कर सकती हैं। इन आरोपों का जवाब देते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रवक्ता जयप्रकाश मजूमदार ने दावा किया कि केंद्रीय एजेंसियां सभी आवश्यक विवरण उपलब्ध कराए जाने के बावजूद अक्सर ऐसे आरोप लगाती हैं। उन्होंने उपहास उड़ाते हुए कहा, ''इन एजेंसियों की सफलता के बारे में सभी लोग जानते हैं।''**

## डालखोला में चार नाबालिगों की पिटाई का आरोप, भाजपा कार्यकर्ता पर केस, तृणमूल ने की निंदा

**उत्तर दिनाजपुर :** उत्तर दिनाजपुर जिले के डालखोला में बाइक चोरी के आरोप में चार किशोरों को सड़क पर गिराकर बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। आरोप एक स्थानीय भाजपा नेता और व्यवसायी पर लगा है। घटना गुरुवार रात की बताई जा रही है। मामले को लेकर तृणमूल कांग्रेस ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जबकि पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, डालखोला नगरपालिका के वार्ड संख्या 10 स्थित एक बाइक शोरूम के बाहर चार युवक कथित रूप से चोरी के इरादे से जुटे थे। इनमें तीन नाबालिग बताए जा रहे हैं। आरोप है कि भाजपा कार्यकर्ता अर्जुन सरकार और उसके साथियों ने उन्हें पकड़ लिया। इसके बाद 10–12 लोगों के समूह ने चारों को जमकर पीटा।



सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में एक नाबालिग को बेल्ट से पीटते हुए देखा गया है। हालांकि वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। घायल किशोरों को रायगंज मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि चार में से एक की हालत गंभीर है।

इस्लामपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डेंडुप शेरपा ने कहा, शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है और मुख्य आरोपी की तलाश जारी है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि चोरी या चोरी की कोशिश की भी गई थी, तब भी किसी को कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। आरोपियों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया जाना चाहिए था। इस तरह की पिटाई को अमानवीय बताया जा रहा है।

पुलिस पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

### गोड्डा-हंसडीहा स्टेशनों के बीच सबवे निर्माण कार्य के चलते ट्रेनों के संचालन में बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** मालदह मंडल में गोड्डा और हंसडीहा स्टेशनों के बीच सीमित ऊंचाई सबवे (एलएचएस) के निर्माण कार्य के चलते 22 फरवरी को 6 घंटे 30 मिनट का ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लिया जाएगा। यह ब्लॉक शाम 17:10 बजे से रात 23:40 बजे तक प्रभावी रहेगा। इसके चलते संबंधित खंड में कुछ ट्रेनों को रद्द तथा एक ट्रेन को पुनर्निर्धारित किया गया है। 22 फरवरी को चलने वाली 73411/73412 गोड्डा–हंसडीहा–गोड्डा डेमू पैसेंजर और 73494 गोड्डा–दुमका डेमू पैसेंजर तथा 23 फरवरी को 73493 दुमका–गोड्डा डेमू पैसेंजर रद्द रहेंगी। इसके अतिरिक्त, 22 फरवरी को 63141 सियालदह–गोड्डा मेमू पैसेंजर को सियालदह से 120 मिनट विलंब से पुनर्निर्धारित की जाएगी।

## मां की हत्या के बाद बेटे ने की आत्महत्या

**आसनसोल :** आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट अंतर्गत कुल्टी थाना क्षेत्र में एक बेटे ने अपनी ही मां की गोली मारकर हत्या कर दी और उसके बाद स्वयं भी आत्महत्या कर ली। मृतकों के नाम राजा मुखर्जी और संध्या मुखर्जी बताए जा रहे हैं। परिवार के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से घर में पारिवारिक कलह चल रही थी। शुक्रवार के तड़के यह हृदयविदारक घटना घटी। मृतक के पिता दयामय मुखर्जी ने बताया कि उनके बेटे राजा मुखर्जी ने पहले अपनी मां संध्या मुखर्जी को गोली मारी और फिर खुदकुशी कर लिया। घटना के समय घर में आग भी लगी हुई थी। सूचना मिलते ही कुल्टी थाना पुलिस और दमकल की



गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि राजा मुखर्जी एक निजी कारखाने में गनमैन के पद पर कार्यरत था। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि पारिवारिक विवाद के कारण यह घटना घटी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आसनसोल जिला अस्पताल भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

## हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के पूर्व छात्र सप्तर्षि बिस्वास की अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि

**❑ एक मिनट में जानलेवा आंतरिक रक्तस्राव थामने वाला बायोमैटेरियल विकसित**

**कोलकाता, समाज्ञा :** हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कोलकाता ने अपने बायोटेक्नोलॉजी विभाग के पूर्व छात्र सप्तर्षि बिस्वास की उल्लेखनीय उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है। श्री बिस्वास वर्तमान में अमेरिका के टेक्सास एएंडएम युनिवर्सिटी में एक अग्रणी शोध दल का हिस्सा हैं, जिसने गंभीर आघात (ट्रॉमा) से होने वाले जानलेवा आंतरिक रक्तस्राव को तेजी से नियंत्रित करने में सक्षम एक अभिनव हीमोस्टेटिक बायोमैटेरियल ड्रेसिंग विकसित की है। यह नई तकनीक विशेष रूप से गहरे आंतरिक घावों के उपचार में महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जहां



पारंपरिक उपचार पद्धतियां सीमित प्रभावी होती हैं। दावा किया गया है कि यह बायोमैटेरियल आंतरिक रक्त के थक्के को एक मिनट के भीतर रोक सकता है, जबकि पारंपरिक तरीकों में लगभग सात मिनट का समय लगता है। यह खोज आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है और वैश्विक स्तर पर असंख्य जीवन बचाने की क्षमता रखती है।

हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीईओ प्रदीप अग्रवाल ने कहा, हमें सप्तर्षि बिस्वास की इस वैश्विक शोध उपलब्धि पर अत्यंत गर्व है। उनका योगदान मानव जीवन बचाने की दिशा में महत्वपूर्ण है और यह हेरिटेज की नवाचार एवं उत्कृष्टता की भावना को दर्शाता है। संस्थान के प्राचार्य डॉ. बासब चौधरी ने कहा, सप्तर्षि की उपलब्धि मजबूत शैक्षणिक आधार, जिज्ञासा और समर्पण का परिणाम है। उनका कार्य हमारे संस्थान की शोध–उन्मुख उत्कृष्टता को प्रतिबिंबित करता है।

## मालदह में महिला का रक्तरंजित शव बरामद, इलाके में दहशत

**मालदह :** जिले के इंग्लिश बाजार थाना क्षेत्र के खासखोल इलाके में एक महिला का रक्तरंजित शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान दया चौधरी (46) के रूप में हुई है। पति की मौत के बाद वह घर में अकेली रहती थी। शुक्रवार की सुबह उनका शव बरामद होने के बाद स्थानीय लोगों ने इलाके में बढ़ती नशेड़ियों की गतिविधियों पर सवाल उठाया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, करीब दो वर्ष पहले उनके पति सुबोध चौधरी का कैंसर से निधन हो गया था। उनका एक बेटा बाहर राज्य में काम करता है, जबकि दोनों बेटियों की शादी हो चुकी है। ऐसे में दया देवी इंग्लिश बाजार के मिल्की आउटपोस्ट अंतर्गत खासखोल स्थित घर में अकेली रह रही थी। आशंका जताई जा रही है कि अकेलेपन का फायदा उठाकर बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया है। पड़ोसियों का कहना है कि गुरुवार की रात दया देवी ने अपनी बेटियों से फोन पर लंबी बातचीत की थी। शुक्रवार सुबह जब दूधवाला रोज की तरह दूध देने पहुंचा और कई बार आवाज देने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिला तो उसे संदेह हुआ। उसने पड़ोसियों को सूचना दी। खिड़की से झांककर देखने पर लोग सन्न रह गए, दया देवी घर के फर्श पर रक्तरंजित हालत में पड़ी थी। सूचना मिलते ही इंग्लिश बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने से पहले मौत के सही कारण पता चल सकेगा। परिवार की ओर से अब तक कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है, लेकिन पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेकर जांच शुरू कर दी है।

## बांग्ला आवास योजना के लाभार्थी परिवार में मातम, दीवार गिरने से महिला की मौत व पति घायल

**बांकुड़ा :** बांग्ला आवास योजना के तहत सरकारी सहायता प्राप्त कर नया मकान बन जाने के बावजूद एक बुजुर्ग महिला उसमें रहने से पहले ही एक दर्दनाक हादसे की शिकार हो गईं। घटना पात्रसायर थाना क्षेत्र के बामिरा गांव में सामने आई है। मृतका की पहचान शोभरानी घोषाल के रूप में हुई है। हादसे में उनके पति रामप्रसाद घोषाल गंभीर रूप से घायल हुए हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, घोषाल दंपति का पुराना कच्चा मकान काफी जर्जर अवस्था में था। इसी कारण परिवार ने बांग्ला आवास योजना के तहत नए घर के लिए आवेदन किया था। सूची में नाम आने के बाद सरकारी धन प्राप्त हुआ और नया पक्का मकान भी तैयार



हो गया। हालांकि, किसी कारणवश दंपति नए मकान में स्थानांतरित नहीं हुए और शोभरानी अपने पति के साथ पुराने कच्चे घर में ही रह रही थीं। परिवार के अन्य सदस्य बेटा और बहू अलग स्थान पर रह रहे थे। बताया जा रहा है कि शुक्रवार के तड़के अचानक पुराने मकान की दीवार ढह गई, जिसकी चपेट में आकर शोभरानी घोषाल की मौके पर ही मौत हो गई। उनके पति दीवार के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद प्रशासनिक स्तर पर भी पूरे मामले की जानकारी जुटाई जा रही है।

## स्मार्ट अर्नर्स में बढ़ा पर्सनल लोन का रुझान, बदल रही है उधार की सोच

**कोलकाता, समाज्ञा**

भारत में पर्सनल लोन को लेकर धारणा तेजी से बदल रही है।

पहले जहां इसे केवल इमरजेंसी की स्थिति से जोड़ा जाता था, वहीं अब स्थिर आय और नियमित निवेश करने वाले स्मार्ट अर्नर्स इसे सुनियोजित जरूरतों के लिए अपना रहे हैं। प्रॉपर्टी, शिक्षा, ट्रैवल, हेल्थकेयर और लाइफस्टाइल से जुड़ी आवश्यकताओं के लिए पर्सनल लोन का इस्तेमाल बढ़ा है।

विशेषज्ञों के अनुसार, कोविड के बाद लोगों ने सेहत, वेलनेस और जीवन की गुणवत्ता को प्राथमिकता दी है।

कई उधारकर्ता अपनी दीर्घकालिक बचत, एसआईपी और रिटायरमेंट योजनाओं को प्रभावित किए बिना तय ईएमआई के माध्यम से वर्तमान जरूरतें पूरी करना चाहते हैं।

डिजिटल प्रक्रिया, पारदर्शी शर्तें और त्वरित डिस्बर्सल ने भी इस रुझान को मजबूती दी है।

कोटक महिंद्रा बैंक के बिजनेस हेड–पर्सनल लोन अमित पाठक ने कहा कि अनुशासित निवेशक अब पर्सनल लोन का उपयोग महत्वपूर्ण लक्ष्यों को पूरा करने के लिए समझदारी से कर रहे हैं, जिससे वर्तमान और भविष्य के बीच संतुलन बना।

## भारतीय रेल का 'रेल वन' बना सुपर ऐप, एक मंच पर सभी रेल सेवाएं उपलब्ध

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेल ने अपने डिजिटल इकोसिस्टम को एकीकृत करते हुए 'रेल वन' को सुपर ऐप के रूप में पेश किया है। वर्षों से यात्री आरक्षित टिकट के लिए आईआरसीटीसी रेल कनेक्ट और अनारक्षित टिकट के लिए यूटीएस ऑन मोबाइल सहित कई ऐप के बीच भटकते रहे। 'रेल वन' इस बिखरे डिजिटल अनुभव को एक ही इंटरफेस में समेटता है। 'पावर ऑफ वन' अवधारणा पर आधारित यह




ऐप आरक्षित, अनारक्षित, प्लेटफॉर्म टिकट और मासिक सीजन टिकट (एमएसटी) की बुकिंग की सुविधा देता है। मौजूदा आईआरसीटीसी और यूटीएस उपयोगकर्ता अपने पुराने लॉगिन को पोर्ट कर सकते हैं, जबकि 6 अंकों का एमपिन और फेस आईडी सुरक्षा को मजबूत बनाते हैं, विशेषकर तत्काल बुकिंग के दौरान। ऐप में लाइव ट्रेन स्टेटस, पीएनआर ट्रैकर और कोच पोजीशन फाइंडर जैसी रीयल–टाइम सुविधाएं उपलब्ध हैं। ई–कैटरिंग सेवा सीट पर भोजन उपलब्ध कराती है, वहीं 'रेल मदद' शिकायत निवारण को सरल बनाती है। कैशलेस लेनदेन को प्रोत्साहित करने के लिए आर–वॉलेट के माध्यम से अनारक्षित टिकट पर 3% कैशबैक या छूट दी जा रही है। रेलवे के अनुसार, 'रेल वन' यात्रियों के लिए डिजिटल यात्रा को अधिक सहज, सुरक्षित और स्मार्ट बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## सियालदह–बनगांव सेक्शन के ट्रेन संचालन में अस्थायी परिवर्तन

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह मंडल में सियालदह–बनगांव सेक्शन के चांदपाड़ा–ठाकुरनगर खंड में एलएचएस निर्माण कार्य के कारण 21 फरवरी की रात 22:45 बजे से 22 फरवरी की सुबह 07:45 बजे तक कुल 9 घंटे का ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इसके चलते, संबंधित मार्ग पर कई लोकल ट्रेनों को रद्द तथा आंशिक रूप से संचालित करने का निर्णय लिया गया है। 21 फरवरी को सियालदह–बनगांव रूट की अप 33851, 33859, 33861, 33863 तथा डाउन 33854, 33856, 33858, 33860 रद्द रहेंगी। 22 फरवरी को सियालदह–बनगांव रूट की अप 33819 और डाउन 33820 रद्द रहेंगी। वहीं, बारासात–बनगांव रूट की अप 33369 और डाउन 33368 भी निरस्त रहेंगी। आंशिक संचालन के तहत 33857 सियालदह–बनगांव लोकल 21 फरवरी को गोबरडांगा में समाप्त होगी तथा 33812 बनगांव–सियालदह लोकल 22 फरवरी को गोबरडांगा से प्रारंभ की जाएगी। 22 फरवरी को 33811, 33813, 33815 और 33817 सियालदह–बनगांव लोकल गोबरडांगा में समाप्त होंगी, जबकि 33814, 33816, 33818 और 33822 बंगांव–सियालदह लोकल गोबरडांगा से चलाई जाएंगी। इसके अतिरिक्त, 33361 बरासात–बनगांव लोकल गोबरडांगा में समाप्त होगी तथा 33824 बनगांव–सियालदह लोकल गोबरडांगा से चलेगी। 30342 बनगांव–माझेरहाट लोकल 22 फरवरी को बरासात से प्रारंभ की जाएगी।

### कोलकाता में आज गूंजेगा रॉयल स्टैग बूमबॉक्स सीजन 4 का धमाका

**कोलकाता, समाज्ञा :** रॉयल स्टैग बूमबॉक्स सीजन 4 के साथ एक अविस्मरणीय रात के लिए तैयार हो जाइए। यह फेस्टिवल 21 फरवरी यानी आज कोलकाता के एक्वाटिका ग्राउंड में आयोजित होगा। इस म्यूजिक फेस्टिवल में पॉप स्टार अरमान मल्लिक, हिप–हॉप कलाकार डीनो जेम्स, प्रसिद्ध रॉक बैंड फॉसिल्स और डीजे साहिल गुलाटी अपनी दमदार प्रस्तुतियां देंगे। इसके अलावा गेमिंग सेंसेशन पायल धारे लाइव गेमिंग फेस–ऑफ से दर्शकों का उत्साह बढ़ाएंगी। आयोजकों ने बताया कि टिकट केवल आधिकारिक प्लेटफॉर्म स्किल बॉक्स से खरीदें और प्रवेश के लिए वैध पहचान पत्र साथ रखें। दर्शकों को कम से कम एक घंटे पहले पहुंचने की सलाह दी गई है। आरामदायक जूते और हल्के कपड़े पहनकर आने की अपील की गई है, ताकि वे पूरी रात संगीत का आनंद ले सकें। सुरक्षा जांच को ध्यान में रखते हुए कम से कम सामान लाने और स्थल के दिशा–निर्देशों का पालन करने की भी सलाह दी गई है।

## हावड़ा–नई दिल्ली और कोलकाता–योग नगरी ऋषिकेश के बीच चलेंगी होली स्पेशल ट्रेनें

### 13 हजार से अधिक अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे द्वारा होली के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए हावड़ा–नई दिल्ली तथा कोलकाता–योग नगरी ऋषिकेश के बीच दो जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इन विशेष ट्रेनों के परिचालन से 13,000 से अधिक अतिरिक्त बर्थ सृजित की जाएंगी। इसके तहत, 04052 नई दिल्ली–हावड़ा होली स्पेशल 25 फरवरी से 3 मार्च 2026 तक प्रतिदिन शाम 18:15 बजे नई दिल्ली से प्रस्थान करेगी और अगले दिन रात 23:40 बजे हावड़ा पहुंचेगी। वहीं, 04051 हावड़ा–नई दिल्ली होली स्पेशल 27 फरवरी से 5 मार्च 2026 तक प्रतिदिन रात 01:40 बजे हावड़ा से रवाना होकर अगले दिन सुबह 08:20 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बंडेल, वर्दवान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर तथा जसीडीह स्टेशनों पर ठहरेगी।

वहीं, 04312 योग नगरी ऋषिकेश–कोलकाता होली स्पेशल 26 फरवरी एवं 2 मार्च 2026 को रात 22:20 बजे योग नगरी ऋषिकेश से प्रस्थान कर तीसरे दिन सुबह 08:00 बजे कोलकाता पहुंचेगी। वहीं, 04311 कोलकाता–योग नगरी ऋषिकेश होली स्पेशल 28 फरवरी एवं 4 मार्च 2026 को दोपहर 13:55 बजे कोलकाता से चलकर अगले दिन रात 22:25 बजे योग नगरी ऋषिकेश पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में नैहाटी, बंडेल, वर्दवान, दुर्गापुर तथा आसनसोल स्टेशनों पर रुकेगी। 04051 हावड़ा–नई दिल्ली होली स्पेशल तथा 04311 कोलकाता–योग नगरी ऋषिकेश होली स्पेशल की बुकिंग 21 फरवरी से पीआरएस काउंटरों और इंटरनेट के माध्यम से उपलब्ध होगी।

### पद्मपुकुर-सांतरागाछी रेल फाटक पर हंगामा, सुरक्षा कार्रवाई से बढ़ा विवाद

**कोलकाता :** दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर मंडल अंतर्गत पद्मपुकुर और सांतरागाछी रेलवे स्टेशनों के बीच स्थित एलसी गेट संख्या एसएस/2 एवं एसएस/1 के पास कुछ लोगों द्वारा विरोध प्रदर्शन किए जाने की घटना सामने आई है। हाल ही में इन एलसी गेटों के समीप अवैध रूप से रेलवे ट्रैक पार करने वाले स्थानों को कंक्रीट स्लीपर स्लैब लगाकर बंद किया गया है। यह कार्रवाई जनहित और सुरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है। संबंधित एलसी गेट परिचालन की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील हैं, क्योंकि इस खंड में ट्रेनों तथा शंटिंग कार्य हेतु इंजनों की लगातार आवाजाही होती रहती है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि अनधिकृत रूप से रेलवे ट्रैक पार करना मानव जीवन के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करता है और इससे रेल सेवाएं भी बाधित हो सकती हैं। संभावित दुर्घटनाओं से बचाव और यातायात की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए ही इन अवैध मार्गों को अवरोध किया गया है।

## मणिपाल हॉस्पिटल मुकुंदपुर में जटिल किडनी प्रत्यारोपण के बाद उच्च जोखिम गर्भावस्था का सफल प्रबंधन

**कोलकाता :** मणिपाल हॉस्पिटल्स की इकाई मणिपाल हॉस्पिटल मुकुंदपुर में डॉक्टरों की बहु–विभागीय टीम ने किडनी प्रत्यारोपण करा चुकी एक महिला की अत्यंत जटिल और उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था का सफल प्रबंधन कर मिसाल पेश की है। टीम का नेतृत्व डॉ. उपल सेनगुप्ता (नेफ्रोलॉजी एवं किडनी ट्रांसप्लांट) और डॉ. शिल्पिता बनर्जी (स्त्री एवं प्रसूति रोग) ने किया।

33 वर्षीय माधबीलता कुंडु, जिन्होंने दिसंबर 2023 में किडनी प्रत्यारोपण कराया था, गर्भावस्था के 16वें सप्ताह में अस्पताल पहुंचीं। उनके चिकित्सा इतिहास में पूर्व सिजेरियन, एक गर्भपात, उच्च रक्तचाप, हाइपोथायरॉयडिज्म और प्रतिरक्षा–दमनकारी दवाओं का उपचार शामिल था। विस्तृत परामर्श के बाद नेफ्रोलॉजी, प्रसूति, एनेस्थीसिया, क्रिटिकल केयर और नवजात विशेषज्ञों की संयुक्त निगरानी में गर्भावस्था जारी रखने का निर्णय लिया गया। 21वें सप्ताह में संक्रमण, गंभीर एनीमिया, बढ़ते क्रिएटिनिन स्तर और अनियंत्रित रक्तचाप जैसी जटिलताएं सामने आईं। मरीज को भर्ती कर रक्त चढ़ाया गया, दवाओं में बदलाव किया गया और संक्रमण का आक्रामक उपचार किया गया। 28वें सप्ताह तक भ्रूण की वृद्धि कम पाई गई और एम्नियोटिक द्रव घटने लगा। स्थिति को देखते हुए 30 सप्ताह तीन दिन पर सिजेरियन किया गया। 1.6 किलोग्राम वजनी बच्ची का जन्म हुआ, जिसे 20 दिन एनआईसीयू में रखा गया। प्रसव के बाद मां को उच्च रक्तचाप व मूत्र संक्रमण के कारण तीन दिन आईसीयू में रखा गया। समय पर उपचार से किडनी की कार्यक्षमता स्थिर रही। डॉक्टरों ने इसे बहु–विभागीय समन्वय और सतर्क निगरानी की सफलता बताया।

### स्कॉटिश चर्च कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मधुमंजरी मंडल को प्रभुपाद लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कॉटिश चर्च कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मधुमंजरी मंडल को कोलकाता स्थित भक्तिवेदांत रिसर्च सेंटर द्वारा प्रतिष्ठित ए. सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार 13 फरवरी को स्कॉटिश चर्च कॉलेज में आयोजित एक छोटे समारोह में बीआरसी के डीन (अकादमिक्स) एवं ट्रस्टी डॉ. सुमंत रुद्र ने प्रदान किया। डॉ. मंडल को यह सम्मान कॉलेज की प्रगति और प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए उनके अथक प्रयासों के लिए दिया गया। उनके नेतृत्व में कॉलेज ने एनएएसी में 'ए' ग्रेड प्राप्त किया और एनआईआरएफ द्वारा दो बार भारत के शीर्ष 100 कॉलेजों में स्थान हासिल किया।

### लोकतांत्रिक और मानवीय समाज के निर्माण के लिए भाषा की आलोचनात्मक समझ अनिवार्य : पवित्र सरकार

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रख्यात भाषाविद् पवित्र सरकार ने कहा कि भाषा की गहरी और आलोचनात्मक समझ ही लोकतांत्रिक और मानवीय समाज की आधारशिला है। वे अवनीन्द्र सभागार में आयोजित प्रथम डॉ. आर. एस. चौधरी स्मारक व्याख्यान दे रहे थे। व्याख्यान का विषय था हम भाषा से क्या समझते हैं: और हमें क्या समझना चाहिए। अपने वक्तव्य में प्रो. सरकार ने स्पष्ट किया कि भाषा केवल संप्रेषण का उपकरण नहीं, बल्कि वह एक सजीव सांस्कृतिक और राजनीतिक शक्ति है, जो मानव चेतना और सामाजिक संरचनाओं को रूपायित करती है। उन्होंने कहा कि समकालीन वैश्वीकरण और डिजिटल माध्यमों ने भाषिक व्यवहार को अभूतपूर्व रूप से परिवर्तित किया है। अंग्रेज़ी जहाँ एक वैश्विक संपर्क–भाषा के रूप में अंतरराष्ट्रीय संवाद को सुगम बनाती है, वहीं दूसरी ओर भाषाई एकरूपता का संकट भी उत्पन्न करती है। अनेक अल्पसंख्यक भाषाएँ विलुप्ति के कगार पर हैं। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि वर्चस्ववादी शक्तियाँ भाषा का प्रयोग अपने हितों के अनुरूप करती हैं, इसलिए भाषिक चेतना का लोकतांत्रिक विवेक से जुड़ना आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध कवि रजत बंद्योपाध्याय ने की। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में उन्होंने भाषा के नैतिक और सौंदर्यात्मक आयामों पर प्रकाश डालते हुए भाषाई बहुलता की रक्षा को बौद्धिकों की जिम्मेदारी बताया। यह व्याख्यान–श्रृंखला के आर एस इंटरनेशनल फाउंडेशन द्वारा डॉ. राम सेवक चौधरी की स्मृति में आरंभ की गई है। इस श्रृंखला का उद्देश्य मानवीय मूल्यों और बौद्धिक विमर्श की परंपरा को सुदृढ़ करना है।

### एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने 'तीन तिगड़ा काम तगड़ा' अभियान किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** एचएसबीसी म्युचअल फंड ने तीन तिगड़ा काम तगड़ा नामक नया डिजिटल अभियान शुरू किया है, जो मल्टी कैप निवेश में 'पावर ऑफ थ्री' की अवधारणा को रेखांकित करता है। यह पहल विशेष रूप से एचएसबीसी मल्टी कैप फंड पर केंद्रित है, जो लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप शेयरों में निवेश कर संतुलित और मजबूत पोर्टफोलियो बनाने का अवसर प्रदान करता है। डिजिटल फिल्म में 'रमेश' नामक पात्र के माध्यम से हास्यपूर्ण अंदाज में दिखाया गया है कि जहां आम जीवन में तीन से जुड़ी मान्यताएं सीमित सोच दर्शाती हैं, वहीं निवेश में यही तीन श्रेणियां दीर्घकालिक वृद्धि का आधार बन सकती हैं। चीफ बिजनेस ऑफिसर अंकुर ठाकोर ने कहा कि यह अभियान ग्राहकों को सूचित और आत्मविश्वासपूर्ण निवेश निर्णय लेने के लिए प्रेरित करेगा। अभियान डिजिटल, प्रिंट और आउटडोर माध्यमों पर प्रसारित किया जाएगा।

### विधायक ने श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति को भेंट की अत्याधुनिक एम्बुलेंस, क्षेत्रवासियों में खुशी

**कोलकाता :** जोड़ासांको क्षेत्र के विधायक एवं श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने बुधवार को जनसेवा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए विधायक कोटा से समिति को



एक नई अत्याधुनिक एम्बुलेंस प्रदान की। इस अवसर पर आयोजित सादे समारोह में समिति के प्रधान सचिव बिमल दीवान, उप सचिव पवन बंसल, सुभाष सवालदावाला, मनोज चौधरी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। विधायक विवेक गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि आपातकालीन चिकित्सा सुविधा प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। उन्होंने कहा कि दूरस्थ और जरूरतमंद क्षेत्रों में समय पर उपचार उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह एम्बुलेंस दुर्घटना, प्रसूति तथा अन्य आपात स्थितियों में मरीजों को शीघ्र अस्पताल पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगी। समिति के प्रधान सचिव बिमल दीवान ने विधायक का आभार जताते हुए कहा कि एम्बुलेंस की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। उन्होंने कहा कि इस सुविधा से क्षेत्र के लोगों को आपातकालीन सेवा का त्वरित लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के अंत में विधायक ने एम्बुलेंस की चाबी समिति को सौंपकर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उप सचिव पवन बंसल ने इसे जनहित में उठाया गया सराहनीय कदम बताया।

## देबाग्राम-पागलचंडी स्टेशन के बीच सबवे निर्माण को लेकर ट्रेनों का संचालन प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा**

सियालदह मंडल में कृष्णनगर–लालगोला खंड के देबाग्राम और पागलचंडी स्टेशनों के बीच लेवल क्रॉसिंग गेट संख्या 92सी/ई के स्थान पर सीमित ऊंचाई सबवे (एलएचएस) के निर्माण कार्य के लिए 22 फरवरी को छह घंटे का ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लिया जाएगा। यह ब्लॉक सुबह 09:50 बजे से दोपहर 15:50 बजे तक प्रभावी रहेगा। इसके चलते कई ट्रेनों के संचालन में परिवर्तन किया गया है। 21 फरवरी को 63101 कोलकाता–लालगोला मेमू रानाघाट में आंशिक रूप से समाप्त होगी। 22 फरवरी को 31861/31864 कृष्णनगर–लालगोला–कृष्णनगर लोकल तथा 53175/53178 सियालदह–लालगोला–सियालदह पैसेंजर ट्रेनें रद्द रहेंगी। इसी दिन, 31819 सियालदह–कृष्णनगर लोकल रानाघाट में शॉर्ट टर्मिनेट होगी, जबकि 63102 लालगोला–कोलकाता मेमू रानाघाट से शॉर्ट ओरिजिनेट की जाएगी। 31773 रानाघाट–लालगोला लोकल देबाग्राम में समाप्त होगी और 31768 लालगोला–रानाघाट लोकल देबाग्राम से प्रारंभ होगी। इसी प्रकार, 63107 सियालदह–लालगोला मेमू देबाग्राम में समाप्त तथा 63104 देबाग्राम से प्रारंभ होगी। 31769 रानाघाट–लालगोला लोकल और 31770 लालगोला–रानाघाट लोकल ट्रेनें भी देबाग्राम से आंशिक रूप से संचालित होंगी।

# 'लव जिहाद में फंसा रहे अवैध घुसपैठिए'

## बांग्लादेशी घुसपैठ मुद्दे पर शुभेंदु अधिकारी ने ममता सरकार को घेरा



**कोलकाता, समाज्ञा :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को एसआईआर और मतदाता सूची को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि उनकी सिर्फ एक ही मांग है कि राज्य को एक बिना गलती वाली मतदाता सूची मिले। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि हमें एक बिना गलती वाली मतदाता सूची चाहिए। मैंने पहले दिन कहा था और आज भी कहता हूं। एसआईआर कोई नई बात नहीं है। यह एक लगातार चलने वाला प्रोसेस है। एसआईआर पहले आठ बार हो चुका है। यह नौवीं बार है। साथ ही, उन्होंने साफ किया कि मतदाता सूची में चार तरह के नाम किसी भी हाल में नहीं होने चाहिए, मृत लोगों के नाम, फर्जी वोटर, एक ही व्यक्ति का दो या तीन जगह नाम और गैर-भारतीय नागरिकों के नाम। उन्होंने साफ कहा कि जो लोग भारतीय हैं, चाहे वे किसी भी धर्म के हों, उन्हें लेकर कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन जो लोग अवैध तरीके से सीमा पार कर आए हैं, उनके नाम मतदाता सूची में नहीं रहने चाहिए। शुभेंदु ने कहा कि बांग्लादेश से दो तरह के लोग राज्य में आए हैं। हिंदू अपना धर्म बचाने आए हैं, वे घुसपैठिए नहीं हैं। वे रिफ्यूजी हैं। उन्होंने इस्लाम नहीं अपनाया है। और जो लोग बांग्लादेश से गैर-कानूनी तरीके से यहां घुसे हैं, वे मेरी मां, बहनों, बेटियों को लव जिहाद के जाल में फंसा रहे हैं। विपक्ष के नेता ने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया को सही ढंग से लागू नहीं किया गया। बूथ लेवल ऑफिसरों के जरिए लोगों के नाम और सरनेम तक गलत दर्ज किए गए, फिर आम लोगों को लंबी लाइनों में खड़ा किया गया। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि जब आज हर चीज ऑनलाइन हो सकती है, तो इस प्रक्रिया को डिजिटल तरीके से क्यों नहीं किया गया।

**❑ 'युवाओं को भत्ता नहीं, नौकरी और उद्योग चाहिए'**

वहीं, राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं को भत्ते नहीं, बल्कि नौकरी और उद्योग चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं आपको सीधा बंगाली हिसाब बताता हूं रिचार्ज करने में 349 रुपये लगता है, इस पैसे से कुछ नहीं होता लोगों को नौकरी चाहिए लोगों को उद्योग चाहिए लोग चाहते हैं कि टाटा वापस आए। शुभेंदु अधिकारी ने सीधे तौर पर ममता सरकार को घेरते हुए कहा कि यह पूरी कवायद चुनाव से पहले वोट बैंक की राजनीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा सत्ता में आई, तो सबसे पहले मतदाता सूची की सफाई की जाएगी।

# एसआईआर : काम में लापरवाही पर 270 ईआरओ-एईआरओ को हो सकता है कारण बताओ नोटिस जारी

**❑ लगभग 1.15 लाख मतदाता दस्तावेज अपलोड नहीं हो पाए**

**❑ अंतिम मतदाता सूची प्रकाशन में देरी की आशंका**

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग ने राज्य में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत बड़ी संख्या में मतदाताओं के दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड करने में विफल रहने के लिए संबंधित मतदाता पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) और सहायक मतदाता पंजीकरण अधिकारियों (एईआरओ) को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्णय लिया है। एक अधिकारी के अनुसार, सुनवाई समाप्त होने के चार दिन बाद भी लगभग 1.15 लाख दस्तावेज अभी तक अपलोड नहीं किए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, दोषी पाए गए ऐसे ईआरओ और एईआरओ की संख्या 270 है। आयोग ने सभी ईआरओ और एईआरओ को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि यदि कोई आवेदन अस्वीकृत किया जाता है, तो उसका विशिष्ट कारण स्पष्ट रूप से बताया जाना चाहिए। हालांकि, आरोप सामने आए हैं कि कई मामलों में इस नियम का उल्लंघन किया गया है। निपटान प्रक्रिया भी धीमी गति से चल रही है और कुछ क्षेत्रों में अचानक प्रणाली में खराबी की सूचना मिली है। एक अधिकारी ने बताया कि जब तक ये दस्तावेज अपलोड नहीं किए जाते, तब तक उनकी जांच प्रक्रिया संभव नहीं होगी। ऐसी स्थिति में 21 फरवरी तक निर्धारित समय सीमा में जांच प्रक्रिया पूरी हो पाएगी या नहीं, इस पर गहरा संदेह है। यदि दस्तावेज जांच प्रक्रिया पूरी करने की समय सीमा बढ़ाई जाती है, तो अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन की वर्तमान निर्धारित तिथि 28 फरवरी को भी स्थगित करना पड़ेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के सूत्रों ने दावा किया है कि 120 ईआरओ और 150 एईआरओ को दोषी पाया गया है। हालांकि, ईसीआई ने अभी तक आधिकारिक तौर पर शामिल ईआरओ और एईआरओ की संख्या नहीं बताई है।

## बेलदा में कार और लॉरी की भीषण टक्कर में दो लोगों की मौत, तीन घायल




**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के नारायणगढ़ थानांतर्गत खाकुड़दा इलाके में शुक्रवार को एक निजी कार और सीमेंट लदी ट्रक के बीच आमने-सामने की भीषण टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दुर्घटना बेलदा के खाकुड़दा इलाके में हुई। उक्त परिवार झाड़ग्राम में पिकनिक मनाकर दीघा अपने घर की ओर जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही सीमेंट लदी लॉरी से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और मौके पर ही दो लोगों ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही बेलदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को निकालकर अस्पताल भेजा। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, घायलों में कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना के बाद कुछ समय तक सड़क पर यातायात बाधित रहा। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर आवागमन सामान्य कराया। मामले की जांच की जा रही है।

## बच्चा चोरी के शक में मां-बेटी को जिंदा जलाने की कोशिश का मामला

# दो मुख्य दोषियों को उम्रकैद एवं 23 दोषियों को 7 साल की जेल



**हुगली, समाज्ञा :** जिले की चुंचुड़ा फास्ट ट्रैक कोर्ट ने बच्चा चोरी के संदेह में मां-बेटी को जिंदा जलाने के जघन्य प्रयास के मामले में फैसला सुनाया है। अदालत ने कुल 25 आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। इनमें से दो मुख्य दोषियों को उम्रकैद और शेष 23 को सात-सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। यह मामला 21 जनवरी 2017 का है, जब हुगली के बलागढ़ अंतर्गत आसानपुर गांव में उन्मादी भीड़ ने बच्चा चोर होने के संदेह में एक मां, उनकी बेटी और उनके कार चालक को घेर लिया था। भीड़ ने न केवल उन्हें बेरहमी से पीटा, बल्कि उनकी गाड़ी में आग लगाकर उन्हें जिंदा जलाने की कोशिश भी की। घटना ने तब हिंसक रूप ले लिया जब मौके पर पहुंची पुलिस पर भी हमला किया गया। इस हमले में 11 पुलिस कर्मी घायल हुए थे और एक सिविक वॉलंटियर को तीर लग गया था। सरकारी वकील जयंत साहा ने बताया कि पुलिस ने जांच कर आरोप पत्र दाखिल किया और 27 गवाहों के बयान दर्ज कराए। न्यायाधीश पीयूष कांति राय ने साक्ष्यों के आधार पर गोपाल राय और पूर्णिमा मलिक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मुख्य सरकारी वकील शंकर गंगोपाध्याय ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि एक साथ 25 लोगों को सजा मिलना समाज में एक बड़ा उदाहरण पेश करेगा। यह फैसला उन लोगों के लिए कड़ा संदेश है जो भीड़ तंत्र के सहारे कानून को अपने हाथ में लेने का प्रयास करते हैं।

## रिसड़ा के बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार साव पुनः सेवा में बहाल



**हुगली :** हुगली जिले के रिसड़ा निवासी बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार साव को सीमा सुरक्षा बल ने पुनः सेवा में बहाल कर दिया है। कांस्टेबल के रूप में उनकी लंबी सेवा अवधि की विस्तृत समीक्षा और दायर याचिका की जांच के बाद यह निर्णय लिया गया। गत वर्ष 23 अप्रैल को उन्हें पाकिस्तान रेंजर्स द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद उत्पन्न परिस्थितियों के कारण उनका मामला विचाराधीन था। विभागीय जांच और समुचित प्रक्रिया पूरी होने के बाद बीएसएफ ने उन्हें तत्काल प्रभाव से 24 बटालियन में पुनः जॉइन करने की अनुमति प्रदान की है। इस फैसले पर पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए भारत के गृह मंत्री अमित शाह के हस्तक्षेप के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल एक बहादुर जवान को न्याय दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि देश की सीमाओं की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा बलों का मनोबल भी मजबूत करता है।

## चुचुड़ा में भाजपा नेता के वायरल वीडियो को लेकर सियासी घमासान



**हुगली :** हुगली जिले में भाजपा नेता सप्तर्षि बनर्जी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसको लेकर चुचुड़ा में राजनीतिक विवाद तेज हो गया है। वीडियो में उन्हें यह कहते हुए सुना जा रहा है कि बिहार में बीजेपी सरकार ने मछली और मांस खाने पर रोक लगा दी है और यदि बंगाल में बीजेपी सत्ता में आती है तो यहां भी मछली-मांस बंद हो जाएगा। हाल ही में बिहार की एनडीए सरकार ने खुले स्थानों पर मांस बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है। केवल लाइसेंसधारी दुकानदारों को ढंके और निर्धारित स्थानों पर मांस बेचने की अनुमति दी गई है। सप्तर्षि का कहना है कि उनका बयान इसी संदर्भ में था।

इस मुद्दे पर चुचुड़ा के तृणमूल विधायक असित मजूमदार ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा माछे-भाते बांगाली। यह बिहार नहीं है। जो लोग मछली-मांस बंद करने की बात कह रहे हैं, वे 2026 के चुनाव में समझ जाएंगे कि कितने धान में कितना चावल होता है। मैंने जो वीडियो देखा है, उसमें साफ कहा गया है कि बिहार में हुआ है और बंगाल में बीजेपी सत्ता में आई तो यहां भी मछली-मांस बंद होगा। बंगाल के लोग इसका जवाब देंगे।

वहीं, सप्तर्षि बनर्जी ने दावा किया है कि वीडियो को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है। उनका कहना है, मैंने कभी मछली-मांस बंद करने की बात नहीं कही। तृणमूल के नेता बिहार की गाइडलाइन को गलत तरीके से पेश कर लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। मैंने केवल इतना कहा था कि मछली और मांस की बिक्री स्वच्छ और स्वास्थ्यकर स्थानों पर होनी चाहिए, जैसे मिठाई की दुकानों में होती है। पर्यावरण और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए खुले में बिक्री पर रोक की बात कही गई है। तृणमूल बंगाली अस्मिता को लेकर राजनीति करना चाहती है।

# 'इलेक्ट्रा 2026' ट्रेड फेयर में सीडा की वेबसाइट और मोबाइल ऐप लॉन्च



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व भारत की प्रमुख संस्था कलकत्ता इलेक्ट्रिक डीलर्स एसोसिएशन (सीडा) द्वारा टी.बोर्ड के निकट कच्छी जैन परिसर में आयोजित तीन दिवसीय 8वां इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक ट्रेड फेयर 'इलेक्ट्रा 2026' के दूसरे दिन शुक्रवार को सीडा की आधिकारिक वेबसाइट और मोबाइल ऐप का विधिवत शुभारंभ किया गया। सीडा की आधिकारिक वेबसाइट सीडा.ओअ-ारजी.इन का उद्घाटन धर्मेंद्र डागा (प्रबंध निदेशक, प्रीमियर पावर प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड) ने किया, जबकि मोबाइल ऐप का शुभारंभ अशीम बोस (एमएमआईसी एवं पार्षद, वार्ड संख्या 70) ने किया। दूसरे दिन मुख्य अतिथि के तौर पर संदीप रंजन बख्शी (एमएमसी लाइटिंग) उपस्थित रहे। इसके साथ ही महेशतला वार्ड 1 के पार्षद सत्येंद्र सिंह के साथ सामाजिक कार्यकर्ता सूर्यदीप बर्मण तथा फ्रेंड्स 91.9 के प्रमुख जिम्मी टेंगरी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक वर्मा ने बताया कि सीडा की नवीनीकृत वेबसाइट और पहला मोबाइल एप्लिकेशन एंड्रॉयड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि यह डिजिटल पहल संगठन को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ट्रेड फेयर कमेटी के चेयरमैन सत्य प्रकाश साव ने कहा कि वेबसाइट और ऐप के माध्यम से ग्राहकों तथा व्यापारियों दोनों को व्यवसाय संचालन में काफी सुविधा मिलेगी और आपसी संपर्क भी बेहतर होगा।

इस अवसर पर सीडा मीडिया सेल के संयोजक संजय कुमार सिंह ने बताया कि दूसरे दिन के कार्यक्रम में इलेक्ट्रिक एवं इलेक्ट्रॉनिक ट्रेड फेयर कमेटी के को-चेयरमैन हरि प्रपन थराद, सीडा के उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंघी, सचिव गगन दीप मुंधड़ा, कोषाध्यक्ष तारक नाथ जायसवाल सहित मिनेश ठक्कर, ग्लोस्टर केबल्स लिमिटेड के निदेशक बिनय राठी, अनिल कुमार सिंह, अरुण कोठारी, आनंद प्रकाश चांदगोठिया, बिपिन गोयल, चंद्रेश एस. मेघानी, मनोज सिंह, राजीव राठी, जितेंद्र सुराणा, कमल सुराणा, संजय कुमार सिंघी, बृजेश लड्ढा, आदित्य मोहनका, आशीष अग्रवाल, अविनाश वर्मा, नवल किशोर सिंह, राजेश गोयल, कमल चांदगोटिया, आलोक कुमार सिंह, मुकेश सिन्हा और विकास राठी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। तीन दिवसीय 'इलेक्ट्रा 2026' ट्रेड फेयर का समापन शनिवार को होगा। आयोजन में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और सीडा पदाधिकारियों की बड़ी उपस्थिति इसकी सफलता को दर्शाती है।

## युवा नेता प्रतिकुर रहमान के इस्तीफे पर सलीम की भावुक प्रतिक्रिया



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की राजनीति में माकपा के युवा नेता और राज्य समिति सदस्य प्रतिकुर रहमान के इस्तीफे ने नई राजनीतिक हलचल पैदा कर दी है। इस्तीफे के बाद पार्टी के भीतर जारी अंदरूनी मतभेद खुलकर सामने आए हैं और इसे संगठन के लिए महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। शुक्रवार को इस मुद्दे पर पार्टी का रुख स्पष्ट करते हुए माकपा के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने कहा कि रहमान के इस्तीफे पर अंतिम निर्णय पार्टी के संविधान के अनुसार लिया जाएगा। उन्होंने भावुक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पार्टी किसी नए चेहरे को तैयार करने के लिए संघर्ष, आंदोलन और अभियानों में व्यापक निवेश करती है और रहमान के मामले में भी ऐसा ही हुआ। सलीम ने कहा कि उनका इस्तीफा मिलना संतान को खोने जैसा दर्दनाक है तथा पार्टी चाहती है कि इस निवेश का लाभ अंततः जनता और वर्ग संघर्ष को मिले। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, माकपा नेतृत्व स्तर पर पूरे घटनाक्रम की समीक्षा कर रहा है और आने वाले दिनों में आधिकारिक रुख सामने आ सकता है।

## सियालदह मंडल में 8 घंटे का पावर एवं ट्रैफिक ब्लॉक, ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह मंडल के पार्क सर्कस स्टेशन पर पुराने फुट ओवर ब्रिज को हटाने के कार्य के कारण रेलवे प्रशासन ने 21 फरवरी 2026 की रात 10:40 बजे से 22 फरवरी की सुबह 6:40 बजे तक कुल आठ घंटे का पावर एवं ट्रैफिक ब्लॉक निर्धारित किया है। इस दौरान ट्रेनों के परिचालन में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन किए जाएंगे। ब्लॉक के कारण 21 फरवरी को कई ट्रेनों का परिचालन रद्द रहेगा। जिसमें सियालदह-लक्ष्मीकांतपुर लोकल (34754 डाउन / 34757 अप), सियालदह-कैनिंग लोकल (34552 डाउन / 34557 अप), सियालदह-डायमंड हार्बर लोकल (34858 डाउन / 34855 अप) और सियालदह-कोमागाटा मारू बजबज लोकल (34164 डाउन / 34163 अप) शामिल है। वहीं, 22 फरवरी को कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। जिसमें सियालदह-सोनारपुर लोकल (34412 डाउन/34411 अप), सियालदह-बारुईपुर लोकल (34612 डाउन, 34614 डाउन/ 34611 अप, 34613 अप), सियालदह-कोमागाटा मारू बजबज लोकल (34114 डाउन, 34118 डाउन/34113 अप), सियालदह-लक्ष्मीकांतपुर लोकल (34718 डाउन), सियालदह-डायमंड हार्बर लोकल (34818 डाउन/34815 अप), सियालदह-कैनिंग लोकल (34511 अप), कोमागाटा मारू बजबज-नैहाटी लोकल (31051 अप) और नैहाटी-सियालदह लोकल (31422 डाउन)। ब्लॉक अवधि के दौरान कई ट्रेनों को आंशिक रूप से बालीगंज या सोनारपुर स्टेशन तक ही शॉर्ट टर्मिनेट या वहीं से शॉर्ट ओरिजिनेट किया जाएगा। इस श्रेणी में कोमागाटा मारू बजबज-सियालदह, डायमंड हार्बर-सियालदह, लक्ष्मीकांतपुर-सियालदह, कैनिंग-सियालदह और नामखाना-सियालदह लोकल सेवाएं शामिल हैं।

## पद्मपुकुर-सांतरागाछी रेल फाटक पर हंगामा, सुरक्षा कार्रवाई से बढ़ा विवाद



**कोलकाता :** दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर मंडल अंतर्गत पद्मपुकुर और सांतरागाछी रेलवे स्टेशनों के बीच स्थित एलसी गेट संख्या एसएस/2 एवं एसएस/1 के पास कुछ लोगों द्वारा विरोध प्रदर्शन किए जाने की घटना सामने आई है। हाल ही में इन एलसी गेटों के समीप अवैध रूप से रेलवे ट्रैक पार करने वाले स्थानों को कंक्रीट स्लीपर स्लैब लगाकर बंद किया गया है। यह कार्रवाई जनहित और सुरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है। संबंधित एलसी गेट परिचालन की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील हैं, क्योंकि इस खंड में ट्रेनों तथा शंटिंग कार्य हेतु इंजनों की लगातार आवाजाही होती रहती है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि अनधिकृत रूप से रेलवे ट्रैक पार करना मानव जीवन के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करता है और इससे रेल सेवाएं भी बाधित हो सकती हैं। संभावित दुर्घटनाओं से बचाव और यातायात की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए ही इन अवैध मार्गों को अवरोध किया गया है।

### वीवो ने लॉन्च किए वी70 और वी70 एलीट - प्रीमियम डिज़ाइन

**कोलकाता :** वीवो इंडिया ने भारत में वीवो वी70 और वीवो वी70 एलीट को लॉन्च किया। यह स्मार्टफोन रीफाइंड डिज़ाइन, दमदार परफॉर्मेंस और उन्नत फोटोग्राफी का बेहतरीन संयोजन पेश करते हैं। इनका मुख्य आकर्षण वीवो-ज़ाइस द्वारा सह-इंजीनियर किया गया इमेजिंग सिस्टम है, जिसमें 50 मेगापिक्सल ज़ाइस नाइट टेलीफोटो कैमराछ दिया गया है। यह कैमरा नाइस 2.0 लाइट और एआई स्टाइल पोर्ट्रेट तकनीक से बेहतर बनाया गया है। इसके साथ सेगमेंट का सबसे बड़ा 1.3 सेंटीमीटर सेंसर दिया गया है, जो कम रोशनी में भी शानदार स्पष्टता और बारीक डिटेल सुनिश्चित करता है। वी70 और वी70 एलीट 4के 60 फ्रेम प्रति सेकंड के साथ ज़ूम क्लैरिटी को भी सपोर्ट करता है, जिससे हर फ्रेम रंग, गहराई और डिटेल से भरपूर दिखाई देती है।

# युवासाथी : 42.44 लाख से अधिक जमा पड़े आवेदन, दक्षिण 24 परगना शीर्ष पर

**❑ कोलकाता में 1,01,929 आवेदन मिले**



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार की परियोजना 'युवासाथी' के लिए पंजीकरण गत 16 फरवरी से शुरू हो चुका है। राज्य के अलग-अलग हिस्सों में ग्रेजुएशन और पोस्ट-ग्रेजुएशन डिग्री वाले युवाओं की लंबी लाइनें देखी जा रही हैं, जो एप्लीकेशन जमा करने के लिए घंटों इंतज़ार कर रहे हैं। इस बीच, सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 20 फरवरी, को शाम 6:30 बजे तक कुल 42,44,657 आवेदन जमा पड़े हैं। इस दिन, अकेले 6,16,021 नए आवेदन जमा किए गए। ज़िले के हिसाब से, सबसे ज़्यादा आवेदन दक्षिण 24 परगना से आए है, यहां कुल आवेदनों की संख्या 4,43,518 है। इस दिन, उस ज़िले से पूरे दिन में 69,623 नए आवेदन जमा किए गए। उसके बाद, मुर्शिदाबाद (4,39,475) और उत्तर 24 परगना (2,96,920) हैं। सूची में इसके बाद बांकुड़ा (2,30,576), पुरुलिया (2,28,517), नदिया (2,28,293) और हुगली (2,21,976) हैं। इसके अलावा, पूर्व मेदिनीपुर में 2,16,540 और पूर्व बर्दवान में 2,02,364 आवेदन मिले। पश्चिम मेदिनीपुर में 2,02,285 और हावड़ा में 1,97,420 लोगों ने अप्लाई किया। उत्तर बंगाल में भी प्रतिक्रिया काफी अच्छी है। कूचबिहार में 1,53,574, जलपाईगुड़ी में 1,44,482, उत्तर दिनाजपुर में 1,27,224 और दक्षिण दिनाजपुर में 91,206 आवेदन मिले। अलीपुरद्वार में 83,852, दार्जिलिंग में 74,464 आवेदन आए, और सबसे कम आवेदन कलिम्पोंग से आए हैं, यहां संख्या 12,406 हैं। वहीं, राजधानी कोलकाता में कुल आवेदकों की संख्या 1,01,929 है।

**❑ शाम 7 बजे से सुबह 9 बजे तक होगा ऑनलाइन आवेदन**

दूसरी तरफ, राज्य सरकार ने युवासाथी परियोजना के लिए ऑनलाइन आवेदन करने का समय तय कर दिया है। अब से शाम 7 बजे से अगले दिन सुबह 9 बजे तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। हालांकि, दूसरे समय पर ऑनलाइन आवेदन नहीं किया जा सकेगा। अगर आवेदक तय समय से पहले या बाद में आवेदन पोर्टल पर एंटर करते हैं, तो उन्हें नई टाइम लिमिट दिखेगी।

## न्यूज अपडेट

### पश्चिम बंगाल पुलिस ने नकली गुडनाइट एल.वी. उत्पाद बेचने वाले खुदरा विक्रेताओं पर की छापेमारी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल पुलिस ने गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के साथ मिलकर कोलकाता और दक्षिण 24 परगना में बड़े पैमाने पर छापेमारी की। यह कार्रवाई गुडनाइट ब्रांड के नाम पर बेचे जा रहे नकली लिक्विड वेपोराइजर (एल.वी.) उत्पादों की बिक्री रोकने के लिए की गई है। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स की जांच एजेंसी के सहयोग से की गई इस कार्रवाई का उद्देश्य बाजार में फैल रहे नकली और खतरनाक मच्छर भगाने वाले उत्पादों पर लगाम लगाना है। इस मुद्दे पर टिप्पणी करते हुए गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के सीएमओ अश्विन मूर्ति ने कहा, देशभर में नकली उत्पादों का प्रसार एफएमसीजी उद्योग के लिए गंभीर चिंता का विषय है। नकली या मिलते-जुलते दिखने वाले उत्पाद न केवल अवैध हैं, बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक और खतरनाक भी हो सकते हैं। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड अपने राजस्व का एक महत्वपूर्ण हिस्सा नवाचार और बेहतर उत्पाद विकसित करने में निवेश करता है।

### कोटक फ्लेक्सी कैप फंड ने अपनी लॉन्ग टर्म वेल्थ क्रिएशन जर्नी के पूरे किए 15 साल

**कोलकाता :** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (केएमएएमसी / कोटक म्यूचुअल फंड) ने कोटक फ्लेक्सी कैप फंड के 15 साल पूरे होने की घोषणा की। इस योजना ने शुरू होने से अब तक 16.59% की सालाना औसत रिटर्न (सीएजीआर) दिया है और अलग-अलग मार्केट साइकिल में लंबी अवधि में मजबूत प्रदर्शन किया है। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, नीलेश शाह ने कहा कि, कोटक फ्लेक्सी कैप फंड के 15 साल पूरे होना हमारे लिए और उन निवेशकों के लिए गर्व की बात है, जो लगातार इस फंड से जुड़े रहे हैं। फ्लेक्सी कैप फंड की कैटेगरी आज भी बहुत अहम है, क्योंकि यह निवेशकों को भारत की ग्रोथ की यात्रा में अलग-अलग सेगमेंट्स में निवेश का मौका देती है, जबकि मार्केट कैपिटलाइजेशन से जुड़े फैसले एक अनुभवी निवेश टीम पर छोड़ दिए जाते हैं।

### एसएमके हेलमेट्स ने भारत में दुनिया भर में मशहूर 'नोवा ट्रैक' और 'नोवा सुपर' हेलमेट लॉन्च किए

**कोलकाता :** दमदार ट्रैक-स्टाइल डिजाइन और उन्नत सुरक्षा को साथ लाते हुए एसएमके हेलमेट्स, जो स्टड्स एक्सेसरीज़ लिमिटेड का एक प्रीमियम वैश्विक हेलमेट ब्रांड है, कैलेंडर ईयर 2024 में वॉल्यूम के हिसाब से टू-व्हीलर हेलमेट बनाने वाली, ने आज अपनी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराही गई नोवा सीरीज़ को भारत में बड़े पैमाने पर लॉन्च करने की घोषणा की। जिसके तहत भारतीय राइडर्स के लिए दो आकर्षक वेरिएंट - नोवा ट्रैक और नोवा सुपर पेश किए गए हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए स्टड्स एक्सेसरीज़ लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ भूषण खुराना ने कहा, आज के भारतीय राइडर्स प्रमाणित सुरक्षा और अलग पहचान वाले डिजाइन को लेकर पहले से अधिक जागरूक हैं। नोवा ट्रैक और नोवा सुपर के साथ हम अपने प्रीमियम फुल-फेस हेलमेट पोर्टफोलियो का विस्तार कर रहे हैं।

# 156 करोड़ पर्यटकों के साथ 2025 में देश का अग्रणी पर्यटन केंद्र बना उप्र: मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विधानसभा में बजट पर चर्चा करते हुए कहा कि राज्य 156 करोड़ पर्यटकों के साथ वर्ष 2025 में देश का अग्रणी पर्यटन केंद्र बन गया है। उन्होंने विधानसभा में बजट सत्र के अंतिम दिन सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि 2025 में लगभग 156 करोड़ पर्यटक उत्तर प्रदेश आए, जो प्रदेश की बदलती छवि और मजबूत आधारभूत संरचना का संकेत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने धार्मिक, सांस्कृतिक और विरासत स्थलों के समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या धाम, विंध्य कॉरिडोर, चित्रकूट और नैमिषारण्य जैसे प्रमुख आस्था स्थलों का व्यापक विकास किया गया है। योगी ने कहा कि इन स्थलों पर यात्री सुविधाएं, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और कनेक्टिविटी को बेहतर किया गया है, जिससे देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि समाज कल्याण विभाग को बाबा साहब भीमराव आंबेडकर, संत रविदास और महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमाओं एवं पार्कों के विकास के लिए 500 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह कदम सामाजिक न्याय और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यूनेस्को ने लखनऊ को 'क्रिएटिव सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी' के रूप में मान्यता प्रदान की है, जो प्रदेश की समृद्ध पाक परंपरा को वैश्विक पहचान दिलाने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा आगरा में मुगल म्यूजियम का नाम बदलकर छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर स्मारक और संग्रहालय विकसित किया जा रहा है। योगी ने कहा कि इसके माध्यम से राष्ट्रीय नायकों के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाया जाएगा।



### उत्तर प्रदेश में आठ हजार न्याय पंचायतों में चुने जाएंगे डिजिटल उद्यमी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट 2026-27 पर चर्चा में भाग लेते हुए 'डिजिटल इंटरप्रेन्योर योजना' का उल्लेख किया और कहा कि राज्य की आठ हजार न्याय पंचायतों में डिजिटल उद्यमियों का चयन किया जाएगा। विधानसभा में बजट सत्र के समापन अवसर पर सदस्यों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इन उद्यमियों में 50 प्रतिशत महिलाएं होंगी, जो उसी न्याय पंचायत की बेटी-बहू होंगी और इन्हें 10 लाख रुपये का ब्याज-मुक्त ऋण दिया जाएगा, जिसकी व्यवस्था बजट में की गई है। उन्होंने कहा कि गांवों के भीतर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। योगी ने कहा कि 'ऑप्टिकल फाइबर' की सुविधा हो या उसके माध्यम से गांवों के ऐसे उत्पाद, जिन्हें अन्य जगह पहुंचाने या ऑनलाइन व्यापार की जरूरत है, सरकार सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएगी।

### अकेले उत्तर प्रदेश में 55 प्रतिशत स्मार्टफोन का हो रहा निर्माण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में बजट 2026-27 पर चर्चा करते हुए कहा कि पिछले नौ वर्षों में राज्य ने आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने बताया कि आज प्रदेश में देश के कुल स्मार्टफोन निर्माण का 55 प्रतिशत हिस्सा तैयार हो रहा है और राज्य इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट उत्पादन में भी अग्रणी बनकर उभरा है। योगी ने कहा कि प्रदेश में बनने वाले इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट का लगभग 60 प्रतिशत उत्पादन हो रहा है, जो औद्योगिक विस्तार और निवेश का स्पष्ट संकेत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### अप्रैल से शिक्षामित्रों को 18 हजार और अनुदेशकों को 17 हजार रुपये मानदेय मिलेगा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में बजट 2026-27 पर चर्चा के दौरान कहा कि अप्रैल से शिक्षामित्रों को 18,000 रुपये और अनुदेशकों को 17,000 रुपये मानदेय मिलेगा। इससे पहले, शिक्षामित्रों को 3,000 रुपये मानदेय मिलता था, जिसे बढ़ाकर 10,000 रुपये किया गया था और अब इस मानदेय में एक बार फिर वृद्धि की गई है।

### सपा सरकार में घोषणाएं बड़ी-बड़ी होती थीं लेकिन परिणाम कुछ नहीं आता था

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) की सरकार में घोषणाएं बड़ी-बड़ी होती थीं लेकिन उसका कोई परिणाम नहीं आता था। योगी ने विधानसभा में बजट सत्र के अंतिम दिन अपनी सरकार की नौ वर्षों की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा, हमने न केवल घोषणाएं कि बल्कि उसको धरातल पर उतारा भी है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने प्रदेश के प्रति धारणा को बदलने में बड़ी भूमिका निभाई है। हमने प्रदेश के लोगों को ये हौसला दिया है कि वे देश-विदेश में जाकर गर्व के साथ कह सकें कि वह सबसे बड़ी आबादी वाले उत्तर प्रदेश के नागरिक हैं। योगी ने आरोप लगाया, समाजवादी पेंशन केवल समाजवादी कैडर को मिलती थी लेकिन हम किसी के साथ भेदभाव नहीं करते। हम सबको समान रूप से देखते हैं।

### सुल्तानपुर की अदालत में राहुल गांधी ने बयान दर्ज कराया

**लखनऊ:** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में एक सांसद-विधायक अदालत में पेश हुए और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ उनकी टिप्पणी से संबंधित मानहानि मामले में बयान दर्ज कराया।राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, राहुल गांधी सुल्तानपुर में सांसद-विधायक अदालत में पेश हुए और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ उनकी टिप्पणी से संबंधित मानहानि मामले में बयान दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख नौ मार्च तय की है, जिस पर राहुल गांधी को अपने बचाव में सबूत पेश करने के लिए कहा गया है।

### कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद मामले की अगली सुनवाई 12 मार्च को

**प्रयागराज:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद में मुस्लिम पक्ष द्वारा दायर संशोधन याचिका पर अगली सुनवाई की तारीख 12 मार्च तय की। मुगल सम्राट औरंगजेब के समय की शाही ईदगाह मस्जिद को लेकर यह विवाद है। इस मस्जिद के बारे में हिंदुओं के एक वर्ग का दावा है कि इसे भगवान कृष्ण के जन्मस्थान पर एक मंदिर को ध्वस्त करके बनाया गया था। शुक्रवार को जब मामले की सुनवाई हुई, तो मुस्लिम पक्ष की वकील तसनीम अहमदी ने अदालत को बताया कि उनके द्वारा दायर की गई संशोधन

### राजस्थान के धौलपुर में इनामी डकैत गिरफ्तार

**जयपुर:** राजस्थान के धौलपुर जिले में पुलिस ने 'ऑपरेशन शिकंजा' के तहत एक कुख्यात डकैत को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी दीवान गुर्जर, कुख्यात डकैत जगदीश गुर्जर गिरोह का सक्रिय सदस्य है। उस पर 25,000 रुपये का इनाम घोषित था तथा वह करीब 10 साल से फरार था। भरतपुर के पुलिस महानिरीक्षक कैलाश चन्द्र बिश्नोई ने।बताया कि आरोपी के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था।

### राजस्थान में शिक्षकों के खाली पद भरने के लिए प्रतिबद्ध है राज्य सरकार: शिक्षा मंत्री

**जयपुर:** राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार शिक्षा विभाग के सभी रिक्त पदों को भरने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा पांच साल में चार लाख सरकारी नौकरियां देने की घोषणा को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है, जिसमें लगभग एक लाख 75 हजार पद शिक्षक एवं अन्य कर्मचारियों के होंगे। दिलावर ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा अब तक 72 हजार पद भरे जा चुके हैं, जिनमें कुछ पद पदोन्नति से और कुछ नई भर्ती से भरे गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा वर्ष 2024 में 2,202 पदों के लिए भर्ती निकाली गई, जिसकी परीक्षा हो चुकी है और दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया जारी है। मंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 में 3,225 पदों की नई भर्ती निकाली गई, जिन पर चयनित शिक्षक शीघ्र ही सेवाएं देंगे।

## न्यूज अपडेट

### मोहन भागवत की यात्रा के दौरान वंदे भारत ट्रेन पर पथराव के आरोप में दो नाबालिग हिरासत में

**हरदोई:** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव की घटना के सिलसिले में पुलिस ने दो नाबालिगों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना उस समय हुई, जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ट्रेन में सफर कर रहे थे। शहर के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अंकित मिश्रा ने बताया कि 12 और 13 साल के बच्चों ने जांचकर्ताओं को बताया कि उन्होंने 'खेल-खेल में' गुजरती ट्रेन पर पत्थर फेंके थे। उन्होंने बताया कि बच्चों की काउंसलिंग की जा रही है और उनके माता-पिता को पुलिस से बातचीत के लिए बुलाया गया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना शुक्रवार को कौड़ा गांव के पास उस समय हुई, जब ट्रेन दिल्ली की ओर जा रही थी। पुलिस ने बताया कि पथराव में ट्रेन की एक खिड़की का शीशा टूट गया। घटना के बाद रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने प्राथमिकी दर्ज की। मिश्रा ने बताया कि आरपीएफ, राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और स्थानीय पुलिस की टीमों ने मामले की जांच की, जिसमें दो नाबालिगों के शामिल होने का पता चला। अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच से पता चला कि यह काम जानबूझकर नहीं किया गया था बल्कि तब हुआ जब बच्चे रेलवे ट्रैक के पास खेल रहे थे।

### राजस्थान: सूर्यकिरण और सारंग टीम के करतबों से रोमांचित हुए जयपुर के लोग

**जयपुर:** भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम और 'सारंग हेलिकॉप्टर डिस्प्ले टीम' ने शुक्रवार को जयपुर के विख्यात जल महल के ऊपर अपने करतबों से लोगों को रोमांचित किया। शहर और आसपास के गांव-कस्बों के हजारों लोगों ने जलमहल की पाल के साथ-साथ आसपास की इमारतों व अन्य जगहों से इस 'एयर शो' को देखा। दोपहर बाद आयोजित इस 'एयर शो' की शुरुआत में सारंग हेलिकॉप्टर टीम के पांच 'एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर' ध्रुव ने आसमान में करतब दिखाए। पायलटों ने बेहतर तालमेल व कलाबाजियों से लोगों की तालियां बटोरीं। इसके बाद 'सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम' ने नौ हॉक एमके-132 विमानों के साथ अनेक तरह के करतब दिखाए। पायलटों ने विमान के बीच पांच मीटर की दूरी बनाए रखते हुए बहुत सटीक करतब दिखाए। टीम ने हवाई कौशल, अनुशासन, तालमेल और टीमवर्क का अद्भुत प्रदर्शन किया, जिसे देख लोगों ने दांतो तले उंगली दबा ली। 'एयर शो' को देखने के लिए बड़ी संख्या में नौजवान, विद्यार्थी, एनसीसी के कैडेट भी मौजूद थे। इस शो में हिस्सा लेने वाले तीन पायलट विंग कमांडर राजेश काजला, विंग कमांडर अंकित वशिष्ठ और स्क्वाड्रन लीडर संजेश सिंह जयपुर से हैं। वायुसेना के अधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का मकसद युवाओं को सशस्त्र सेनाओं में करियर बनाने के लिए प्रेरित करना भी है। 'सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम' में नौ हॉक एमके-132 विमान शामिल हैं। टीम ने देश विदेश में 800 से अधिक प्रदर्शन किए हैं और चीन, श्रीलंका, म्यामां, थाईलैंड, सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों में अंतरराष्ट्रीय एयर शो में भारतीय वायुसेना की पेशेवर क्षमता का प्रतिनिधित्व किया है।

### बिहार: यूजीसी के निंयमों से जुड़े मुद्दे को लेकर विधानसभा में हंगामा



**पटना:** बिहार विधानसभा में शुक्रवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्द्धन हेतु) विनियम, 2026 के मुद्दे को लेकर जोरदार हंगामा हुआ। हालांकि इन विनियमों पर उच्चतम न्यायालय ने अंतरिम रोक लगा दी है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा)-मार्क्सवादी लेनिनवादी (माले) लिबरेशन के विधायक संदीप सौरभ ने सदन में यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि एक विशेष जाति और मानसिकता ने यूजीसी विनियमों का विरोध किया, जिसके कारण उच्चतम न्यायालय ने इस पर अंतरिम स्थगन लगा दिया। उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया कि वह इस संबंध में संसद के माध्यम से कानून बनाने के लिए केंद्र सरकार से पहल करे। सौरभ ने तर्क दिया कि विश्वविद्यालय परिसरों में जातिगत पूर्वाग्रह समाप्त करने और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार का विधिक ढांचा आवश्यक है। भाकपा (माले) लिबरेशन के विधायक ने चर्चा के दौरान एक आपत्तिजनक जातिसूचक शब्द का प्रयोग किया गया, जिसे विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कार्यवाही से हटा दिया। अध्यक्ष ने कहा कि इस प्रकार के शब्दों का प्रयोग किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि भाकपा (माले) लिबरेशन के विधायक द्वारा जातिसूचक शब्द का प्रयोग पूरे विपक्ष की मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने इस पर कड़ी आपत्ति जताई।

## राजस्थान: खाटू श्याम जी का फाल्गुनी मेला रविवार से



**जयपुर:** राजस्थान के सीकर जिले में विख्यात खाटू श्याम जी मंदिर में आठ दिनों तक चलने वाले सालाना लक्खी मेला 21 फरवरी से शुरू होगा। इस सालाना मेले में देश भर से लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के भाग लेने की संभावना है, जिसके मद्देनजर मंदिर समिति, प्रशासन और पुलिस ने व्यापक बंदोबस्त किए हैं। खाटू श्याम जी मंदिर में वार्षिक लक्खी मेला 21 फरवरी से 28 फरवरी तक चलेगा। वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, इस वर्ष लगभग 35 लाख श्रद्धालुओं के आगमन के अनुमान के बीच राजस्थान पुलिस, जिला प्रशासन और श्री श्याम मंदिर कमेटी ने आपसी समन्वय से सुरक्षा, यातायात, दर्शन व्यवस्था व भीड़ प्रबंधन को लेकर व्यापक तैयारियां की हैं ताकि हर भक्त सुरक्षित, सहज एवं श्रद्धामय अनुभव के साथ बाबा के दरबार तक पहुंच सके। इस वर्ष की रणनीतियों में तकनीकी नवाचार और श्रद्धालुओं के प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया है।

## बिहार में नक्सली नेटवर्क ध्वस्त, पूरा राज्य नक्सलमुक्त: उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी



**पटना:** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को दावा किया कि बिहार में अब 'कोई सशस्त्र नक्सली कैडर सक्रिय नहीं'' है। गृह विभाग का प्रभार भी संभाल रहे चौधरी ने वर्ष 2026-27 के लिए विभाग के 20,132 करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्तावित बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए विधानसभा में यह बात कही। सदन ने ध्वनिमत से विभाग के बजट को पारित कर दिया, हालांकि विपक्ष के सभी सदस्य सरकार के जवाब से असंतुष्ट होने की बात कहते हुए सदन से बहिर्गमन कर गए। चौधरी ने कहा, 'मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि बिहार में अब कोई सशस्त्र नक्सली कैडर सक्रिय नहीं है। राज्य पुलिस ने अप्रैल 2025 से 15 फरवरी 2026 तक 130 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। हाल ही में शीर्ष माओवादी गुरिल्ला सुरेश कोड़ा उर्फ मुस्तकीम ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है जिस पर तीन लाख रुपये का इनाम घोषित था।' उन्होंने कहा कि राज्य में नक्सली नेटवर्क ध्वस्त कर दिया गया है और पूरा प्रदेश नक्सलमुक्त हो गया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशकों और औद्योगिक इकाइयों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने के लिए सरकार ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की तर्ज पर बिहार औद्योगिक सुरक्षा बल (बीआईएसएफ) गठित करने का निर्णय लिया है।

समाज्ञा स्पोर्ट्स

## अफगानिस्तान के कोच ट्रॉट ने टी20 विश्व कप से बाहर होने के बाद भावुक विदाई ली



**चेन्नई:** अफगानिस्तान की टीम के साथ बनाई गई यादों से संतुष्ट लेकिन भावनाओं से अभिभूत कोच जोनाथन ट्रॉट ने चार साल के कार्यकाल के बाद अपनी भूमिका को अलविदा कहा। इस पद की पेशकश पहले इंग्लैंड के उनके साथी ग्राहम थोर्प को की गई थी लेकिन उस समय वह इसे स्वीकार नहीं कर सके और सौभाग्य से 44 वर्षीय ट्रॉट इस पद पर काबिज हुए। अफगानिस्तान ने सुपर आठ चरण की दौड़ से बाहर होने के बाद अपने अंतिम ग्रुप मैच में कनाडा को 82 रन से हराकर अपना अभियान समाप्त किया।

## ऑस्ट्रेलिया टूर विवाद: पाकिस्तान सरकार ने हॉकी कप्तान बट पर लगा दो साल का प्रतिबंध हटाया



**लाहौर:** पाकिस्तान सरकार ने शुक्रवार को राष्ट्रीय हॉकी टीम के कप्तान अम्माद शकील बट पर राष्ट्रीय महासंघ (पीएचएफ) द्वारा लगाया गया दो साल का प्रतिबंध हटा दिया और इस कदम को 'अवैध और असंवैधानिक' करार दिया। पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने से ठीक पहले बृहस्पतिवार को तारिक बुगती ने हाल में ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान कुप्रबंधन के खिलाफ कप्तान के पीएचएफ की आलोचना करने के लिए बट पर दो साल का प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन पीएचएफ के संरक्षक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा नियुक्त अंतरिम अध्यक्ष मुहयदीन अहमद वानी ने इस फैसले को पलट दिया और कहा कि यह बुगती का 'अवैध और असंवैधानिक कदम' था। राष्ट्रीय टीम के ऑस्ट्रेलिया से लौटने के बाद हुए विवाद के मद्देनजर बुगती ने बृहस्पतिवार को इस्तीफा दे दिया था। ऑस्ट्रेलिया में टीम को 'लॉजिस्टिक' की दिक्कतों का सामना करना पड़ा था और उन्हें एयरबीएनबी के घरों में रहना पड़ा था जबकि सरकार द्वारा संचालित पाकिस्तान खेल बोर्ड (पीएसबी) ने कैनबरा में एफआईएच प्रो लीग मैचों के दौरान टीम के पांच सितारा होटल में रहने के लिए पीएचएफ को एक करोड़ रुपये दिए थे।।खेल से जुड़े सभी मामलों को देखने वाली अंतर-प्रांतीय समन्वयक मंत्रालय के एक सीनियर अधिकारी ने पुष्टिक की कि प्रधानमंत्री शरीफ ने तुरंत बुगती का इस्तीफा स्वीकार कर लिया और वानी को पीएचएफ का तदर्थ अध्यक्ष और ब्रिगेडियर मुसरतुल्लाह को महानिदेशक नियुक्त किया। उन्होंने कहा, 'दोनों तदर्थ आधार पर हॉकी के मामलों को देखेंगे और नुकसान को ठीक करने की कोशिश करेंगे।'

# आस्ट्रेलिया ने ओमान को नौ विकेट से हराकर विश्व कप से विदा ली



**पाल्लेकल:** टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होने का अपमान झेल रही आस्ट्रेलियाई टीम ने टी20 विश्व कप के अपने आखिरी लीग मैच में शुक्रवार को ओमान को नौ विकेट से हराकर विदा ली।।जिम्बाब्वे और श्रीलंका से अप्रत्याशित हार के बाद आस्ट्रेलिया ग्रुप चरण से ही बाहर हो गया है। प्रतिष्ठा के लिये खेल रही आस्ट्रेलियाई टीम ने औपचारिकता के इस मैच में ओमान को 16 .2 ओवर में ही 104 रन पर आउट कर दिया था। लेग स्पिनर एडम जम्पा ने चार विकेट चटकाये। जवाब में कप्तान मिचेल मार्श के 33 गेंद में नाबाद 64 रन और ट्रेविस हेड के 19 गेंद में 32 रन की मदद से आस्ट्रेलिया ने 9 . 4 ओवर में जीत दर्ज की। यह सौ रन से अधिक के लक्ष्य का पीछा करते हुए टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे तेजी से दर्ज की गई जीत है। मार्श ने अपनी पारी में सात चौके और चार छक्के लगाये। वहीं हेड ने छह चौके लगाये। दोनों ने 93 रन की साझेदारी की।।इससे पहले जम्पा के चार विकेट की मदद से आस्ट्रेलिया ने ओमान को 104 रन पर आउट कर दिया। जम्पा ने 21 रन देकर चार विकेट लिये जबकि जेवियर बार्टलेट और ग्लेन मैक्सवेल को दो दो विकेट मिले। ओमान की टीम 16 . 2 ओवर में आउट हो गई। वसीम अली ने ओमान के लिये 33 गेंद में 32 रन बनाये। आस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया और पहली ही गेंद पर बार्टलेट ने आमिर कलीम का विकेट ले लिया। अगली चार गेंदों पर रन नहीं बने जिसके बाद करण सोनावले ने मिडआन पर चौका लगाकर ओमान का खाता खोला। आखिरी गेंद पर ग्लेन मैक्सवेल ने स्लिप में करण का कैच टपकाया। ओमान के कप्तान जतिंदर सिंह ने अगले ओवर में मार्कस स्टोइनिस को चौका लगाया और बार्टलेट को भी इसके बाद चौका जड़ा।।करण ने नाथन एलिस का स्वागत चौके के साथ किया। एलिस ने हालांकि अगली ही गेंद पर सफलता हासिल की और कट शॉट खेलने के प्रयास में करण विकेट गंवा बैठे।।जतिंदर ने कवर प्वाइंट के बीच से बार्टलेट को चौका जड़ा लेकिन अगली शानदार गेंद पर चकमा खा गए और फुटवर्क का इस्तेमाल किये बिना विकेट गंवा बैठे। ओमान ने पांच ओवर में 39 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे। हम्माद मिर्जा ने कैमरन ग्रीन को प्वाइंट के ऊपर से चौका लगाया जिससे पावरप्ले के आखिर में ओमान का स्कोर तीन विकेट पर 47 रन था। बार्टलेट को मिर्जा और वसीम अली ने चौके लगाये जिसके बाद अनुभवी लेग स्पिनर जम्पा को गेंद सौंपी गई। उन्होंने पहले ही ओवर में मिर्जा का विकेट चटकाया। मैक्सवेल ने इसके बाद कैच छोड़ने की गलती की भरपाई करते हुए दो विकेट लिये।

## अभिषेक को लय हासिल करने के लिए 'बस एक अच्छी पारी की जरूरत': मोर्कल



अहमदाबाद: भारत की पहले सुपर-आठ मुकाबले में रविवार को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ंत से पहले गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल ने स्पष्ट किया कि टी20 विश्व कप में अब तक अभिषेक शर्मा के खराब प्रदर्शन को लेकर टीम के अंदर कोई चर्चा नहीं हुई है। मोर्केल ने कहा कि अभिषेक को बस एक अच्छी शुरुआत की जरूरत है और उसके बाद वह लय पकड़ लेंगे। भारत का यह सलामी बल्लेबाज तीन मैचों में अब तक खाता खोलने में नाकाम रहा है। बायें हाथ के इस आक्रामक बल्लेबाज को शुक्रवार के अभ्यास सत्र के दौरान मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ लंबी बातचीत करते देखा गया। गंभीर उन्हें कुछ तकनीकी बारीकियां समझाते नजर आए और अभिषेक ने एक अनुशासित छात्र की तरह सहमति में सिर हिलाया। इसके बाद उन्होंने ऊंचे कैच का भी अभ्यास किया।

### क्यूरेटर ने अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ संभव पिच तैयार की

मुंबई के वानखेड़े और यहां के मोटेरा स्टेडियम में बल्लेबाजी के लिए थोड़ी मुश्किज पिचें चर्चा का विषय है लेकिन भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने क्यूरेटर (पिच का प्रबंधन करने वाले) के प्रति सहानुभूति जताते हुए कहा कि उन्होंने अपनी क्षमता के अनुसार सर्वोत्तम पिचें उपलब्ध कराई हैं। मुंबई और अहमदाबाद में भारतीय बल्लेबाजों को रनगति बढ़ाने में संघर्ष करना पड़ा। एक पिच में नमी मौजूद थी, जबकि दूसरी पिच पर गेंद थोड़ी रूक कर आ रही थी। इससे बल्लेबाजों के लिए स्ट्रोक खेलना आसान नहीं था। मोर्केल ने 'पीटीआई' के सवाल पर कहा, सत्र के आखिरी समय में 200 से अधिक रन वाली पिच तैयार करना क्यूरेटर के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। उन्हें इसका श्रेय मिलना चाहिए। इन पिचों पर आक्रामक बल्लेबाजी करने वाले तिलक वर्मा को शुरुआती मैचों में लय पकड़ने में कठिनाई हुई, जबकि सूर्यकुमार यादव ने भी शुरुआत में समय लिया।

## भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वापसी करके ऐतिहासिक सीरीज जीतना चाहेगी

**एडिलेड:** भारतीय महिला टीम को अगर ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर पहली बार ऐतिहासिक श्रृंखला जीतनी है तो उसकी बल्लेबाजों को यहां शनिवार को तीसरे और आखिरी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में मेजबान टीम की अनुभवी गेंदबाजी इकाई के खिलाफ एकजुट होकर आक्रामक प्रदर्शन करना होगा। भारतीय महिला टीम अभी तक ऑस्ट्रेलिया में तीनों प्रारूपों में कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं जीत पाई है। इसे बदलने के लिए भारत को यहां बेहतर बल्लेबाजी की जरूरत है, जिसकी शुरुआत सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा से होगी। स्मृति और शेफाली दोनों ने शुरुआत तो की है लेकिन बड़ी पारी नहीं खेल पाईं।जिससे दूसरे मैच में भारत 164 रन के आसान से लक्ष्य का पीछा नहीं कर सका। किम गार्थ, अनाबेल सदरलैंड और सोफी मोलिनू की अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई तिकड़ी ने इस मौके का फायदा उठाया। इन्होंने भारत की पांच बल्लेबाजों को सिर्फ सात रन के अंदर आउट कर दिया। लेकिन एडिलेड की पिच कैनबरा की पिच के मुकाबले अलग है और भारतीय बल्लेबाजों को यहां अपने पिक-अप शॉट्स पर भरोसा करना चाहिए। एक बेहतरीन आउटफील्ड भी बल्लेबाजी के लिए बेहतर है। कप्तान हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स और ऋचा घोष को बल्ले पर आती गेंद पसंद है और उन्हें यहां कुछ मदद मिलने की उम्मीद है।

## तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिये बांग्लादेश का दौरा करेगा पाकिस्तान

**कराची:** पाकिस्तान क्रिकेट टीम 2027 वनडे विश्व कप की तैयारी के लिये अगले महीने बांग्लादेश में तीन मैचों की वनडे श्रृंखला खेलेगी।।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को घोषणा की कि मैच 11, 13 और 15 मार्च को ढाका के शेरे बांग्ला स्टेडियम पर खेले जायेंगे।।पाकिस्तानी टीम ने जुलाई 2025 में टी20 श्रृंखला के लिये बांग्लादेश का दौरा किया था जिसमें उसे पराजय मिली थी।।पाकिस्तान को इस साल दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिये भी बांग्लादेश दौरा करना है। ये टेस्ट आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा हैं।

## शाहीन को बाहर करने , बाबर को नीचे भेजने का कारण भारत से मिली हार नहीं : पाक कोच हेसन

**कोलंबो:** पाकिस्तान के मुख्य कोच माइक हेसन ने शुक्रवार को इन दावों को खारिज किया कि तेज गेंदबाज शाहीद अफरीदी को नामीबिया के खिलाफ मैच से बाहर करने और बाबर आजम को बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजने का फैसला टी20 विश्व कप में भारत से मिली हार के कारण नहीं लिया गया था।।भारत ने टी20 विश्व कप के मैच में पाकिस्तान को 61 रन से हराया था।।अफरीदी ने आखिरी ओवर में 15 रन दिये थे जबकि बाबर पांच रन बनाकर आउट हो गए थे। हेसन ने मीडिया से बातचीत में कहा ,' ऐसी बात नहीं है ( शाहीन को बाहर करने और बाबर को बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजने का फैसला भारत से हार के कारण लिया गया)। तेज गेंदबाज सलमान मिर्जा को भी मौका मिलना चाहिये था।'

## पूर्व कनिष्ठ अभियंता और उसकी पत्नी को 33 बच्चों के यौन शोषण के आरोप में मौत की सजा सुनाई गई



**नयी दिल्ली:** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को राज्य सिंचाई विभाग के एक पूर्व कनिष्ठ अभियंता (जेई) और उसकी पत्नी को एक दशक से अधिक समय तक 33 नाबालिग लड़कों (जिनमें से कुछ की उम्र महज तीन साल थी) के यौन शोषण के लिए मौत की सजा सुनाई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यौन अपराध से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम अदालत ने इन अपराधों को 'दुर्लभ से दुर्लभतम' मामला करार देते हुए राम भवन और उसकी पत्नी दुर्गावती को वर्ष 2010 से 2020 के बीच बच्चों का यौन शोषण करने और बाल यौन शोषण सामग्री तैयार करने का दोषी पाया। दोनों आरोपियों ने इंटरनेट के माध्यम से लगभग 47 देशों में पीड़ित बच्चों के दो लाख से अधिक आपत्तिजनक वीडियो और तस्वीरें प्रसारित कीं। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो) प्रदीप कुमार मिश्रा की अदालत ने दंपति को भारतीय दंड संहिता और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया।

## भारत में व्यक्तिगत दान का 45 प्रतिशत धार्मिक संस्थाओं, 42.8 प्रतिशत भिखारियों को : रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** भारत में व्यक्तिगत दान का 45 प्रतिशत से अधिक हिस्सा धार्मिक संगठनों को जबकि 42.8 फीसदी हिस्सा भिखारियों को प्राप्त होता है। 'भारत दान कैसे देता है' शीर्षक से जारी तीसरी रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। अशोका विश्वविद्यालय के 'सेंटर फॉर सोशल इम्पैक्ट एंड फिलैंथ्रोपी' (सीएसआईपी) ने यह रिपोर्ट तैयार की है, जो भारतभर में रोजमर्रा के घरेलू दान के पैमाने, चलन और कारणों का विश्लेषण करती है। रिपोर्ट यह रेखांकित करती है कि भारतीय विश्व के सबसे उदार लोगों में शामिल हैं।

# हिंदी को बढ़ावा मिलने से अन्य सभी भाषाएं मजबूत होती हैं: अमित शाह




**अगरतला:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि जब हिंदी को बढ़ावा दिया जाता है, तो अन्य सभी भाषाएं भी मजबूत होती हैं। उन्होंने यहां राजभाषा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह दुष्प्रचार किया जा रहा था कि हिंदी लोगों पर थोपी जा रही है लेकिन पिछले 10 वर्षों में यह बात गलत साबित हुई है। उन्होंने कहा, 'हिंदी और अन्य स्थानीय भाषाओं के बीच कोई विवाद नहीं हो सकता क्योंकि वे एक ही मां की दो बेटियां हैं, जिन्होंने साथ-साथ प्रगति की हैं।' शाह ने कहा, 'यह भी दुष्प्रचार किया गया कि यदि हम अपनी भाषाओं को बढ़ावा देंगे, तो हम विकास में पिछड़ जाएंगे, अनुसंधान में पिछड़ जाएंगे और दुनिया में अलग-थलग पड़ जाएंगे। चाहे जर्मनी हो, जापान हो, दक्षिण कोरिया हो, फ्रांस हो, रूस हो या चीन, इन सभी देशों ने अपनी-अपनी भाषाओं में प्रगति की है। आज ये सभी देश विकास में अग्रणी माने जाते हैं।' शाह ने कहा कि लिपि और भाषा विवाद का मुद्दा नहीं हो सकतीं। उन्होंने कहा, 'त्रिपुरा में एक अलग मांग की गई है। मेरी अपील है कि देवनागरी लिपि को अपनाया जाए क्योंकि पूर्वोत्तर के ज्यादातर लोग इसे अपनी स्थानीय भाषा के रूप में स्वीकार कर चुके हैं। लोग विदेशी लिपि को अपनाकर अपनी भाषा, संस्कृति और परंपरा को कैसे संरक्षित कर सकते हैं?' भाजपा की सहयोगी टिपरा मोथा पार्टी की मांग रही है कि राज्य की आदिवासी आबादी द्वारा बोली जाने वाली कोकबोरोक भाषा के लिए केवल रोमन लिपि का ही प्रयोग किया जाए। अब तक इस भाषा के लिए बांग्ला और रोमन दोनों लिपियों का प्रयोग किया जाता रहा है। शाह ने कहा, 'देश में अनेक भाषाएं हैं, जिनमें से प्रत्येक की अपनी लिपि है, लेकिन कई बोलियां ऐसी भी हैं जिनकी अपनी कोई लिपि नहीं है। इन बोलियों को भी संरक्षित और संग्रहित किया जाना चाहिए। यदि इन बोलियों को संरक्षित करना है, तो इनके लिए एक सामान्य लिपि का निर्माण आवश्यक होगा, और इसी कारण देवनागरी लिपि अपनाने की आवश्यकता है।'

### कांग्रेस ने अपने शासनकाल में सीमाएं खुली छोड़ दीं, जिसके कारण असम में घुसपैठ हुई: शाह

**नाथनपुर (असम):** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर अपने शासनकाल में देश की सीमाएं खुली छोड़ने का शुक्रवार को आरोप लगाया, जिसके कारण असम में घुसपैठ हुई। शाह ने कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने घुसपैठ की समस्या का प्रभावी ढंग से मुकाबला किया है। असम के कछार जिले में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस ने राज्य में अपने शासनकाल के दौरान कोई विकास कार्यक्रम शुरू नहीं किया, लेकिन 'अब प्रतिदिन 14 किलोमीटर सड़क का निर्माण हो रहा है, जो देश में सबसे अधिक है'। शाह ने कछार जिले से जीवंत ग्राम कार्यक्रम (वीवीपी) के दूसरे चरण की शुरुआत की, जिसमें देशभर के 15 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों को शामिल किया जायेगा।

## सेना ने मौसम, आपदाओं का पूर्वानुमान लगाने वाली एआई प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया

**नयी दिल्ली:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को यहां 'एआई इंपैक्ट समिट' में सेना के पवेलियन का दौरा किया, जिसमें जलवायु विज्ञान और आपदा पूर्वानुमान प्रणाली से लेकर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चालक की थकान का पता लगाने वाले उपकरण तक, कई अनुप्रयोगों का प्रदर्शन किया गया है, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर आधारित हैं। भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रक्षा मंत्री ने 'भारत मंडपम' के हॉल संख्या चार में स्थित पवेलियन का दौरा किया। इस पवेलियन ने युवा और बुजुर्ग दोनों तरह के आगंतुकों को आकर्षित किया है। बाद में रक्षा मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आज 'भारत मंडपम' में आयोजित 'एआई इंपैक्ट समिट' में शामिल होकर बेहद खुशी हुई। भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उन्नत प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में तेजी से वैश्विक नेता के रूप में उभर रहा है। यह शिखर सम्मेलन हमारे नवप्रवर्तकों, शोधकर्ताओं, स्टार्टअप, सशस्त्र बलों और उद्योग जगत के दिग्गजों की अपार प्रतिभा को प्रदर्शित करता है।

## यमुना को साफ करने के लिए सरकार 7,200 करोड़ रु की लागत से 12 नए एसटीपी बनाएगी



**नयी दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली सरकार लगभग 7,200 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 12 नए सीवेज शोधन संयंत्र बनाने की योजना बना रही है। अपनी सरकार की एक साल की रिपोर्ट पेश करते हुए गुप्ता ने बताया कि पिछले एक साल में यमुना के पुनरुद्धार के लिए 9,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। गुप्ता ने कहा, यमुना की सफाई एक पुरानी समस्या थी। जब हमने कार्यभार संभाला, तो यह स्पष्ट था कि पिछली सरकार ने नदी पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया था। हमने मौजूदा बुनियादी ढांचे को नया रूप देना शुरू किया, जिसमें 12 नए एसटीपी का नियोजित निर्माण भी शामिल है। ये पहल यमुना नदी को साफ करने के लिए पिछले साल शुरू की गई 45 सूत्री कार्य योजना का हिस्सा है। इस परियोजना का उद्देश्य ऐसे सभी बड़े नालों के गंदे पानी को यमुना में जाने से रोककर उसे साफ करने वाले संयंत्रों तक पहुंचाना है। मुख्यमंत्री ने कहा, हमने इन सभी नालों का ड्रोन सर्वेक्षण कर लिया है।

# फलस्तीन मुद्दे के 'दो-राष्ट्र' समाधान के प्रति हम प्रतिबद्ध : भारत



**नयी दिल्ली:** भारत ने शुक्रवार को फलस्तीन मुद्दे के 'दो-राष्ट्र' समाधान के लिए अपना समर्थन दोहराते हुए कहा कि 100 से अधिक देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ मिलकर उसने एक बयान जारी कर वेस्ट बैंक में अवैध बस्तियों के विस्तार के इजराइल की कोशिशों की निंदा की है। लगभग 80 देशों और संगठनों द्वारा समर्थित प्रारंभिक बयान में भारत का जिक्र नहीं था। फलस्तीन के संयुक्त राष्ट्र दूत रियाद मंसूर ने मंगलवार को यह बयान जारी किया था। एक नए बयान में भारत और लगभग 20 देशों और संगठनों ने 'दो राष्ट्र' समाधान का समर्थन किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से जब साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में पूछा गया कि भारत प्रारंभिक बयान का हिस्सा क्यों नहीं था, तो उन्होंने कहा कि देशों और संगठनों द्वारा उस तरह से दस्तावेज पर बातचीत नहीं की गई थी जैसा सामान्य तौर पर होता आया है। उन्होंने कहा, 'इस विशेष मुद्दे पर हमारा रुख हाल ही में भारत-अरब लीग के मंत्रिस्तरीय संयुक्त वक्तव्य में व्यक्त किया गया था।' जायसवाल ने कहा कि नयी दिल्ली में 31 जनवरी को आयोजित भारत-अरब लीग की बैठक में इजरायल के साथ-साथ रहने वाले एक संप्रभु और व्यवहार्य फलस्तीनी राष्ट्र के लिए जोर दिया गया, साथ ही प्रासंगिक संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों और अरब शांति पहल के अनुरूप 'पश्चिम एशिया में न्यायपूर्ण, व्यापक और स्थायी शांति' का आह्वान किया गया। एक संयुक्त बयान में, दोनों पक्षों ने 1967 की सीमाओं पर आधारित एक संप्रभु, स्वतंत्र और व्यवहार्य फलस्तीनी राज्य की स्थापना का आह्वान किया, जो इजराइल के साथ शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व में रहे। दोनों पक्षों ने फलस्तीनी लोगों के अविभाज्य अधिकारों का समर्थन किया।

### निजी स्कूल एक अप्रैल से अनियमित तरीके से शुल्क नहीं वसूल सकते: दिल्ली सरकार ने अदालत से कहा

**नयी दिल्ली:** दिल्ली सरकार ने शुक्रवार को उच्च न्यायालय को बताया कि निजी स्कूल नए शैक्षणिक सत्र के लिए एक अप्रैल से तब तक शुल्क नहीं वसूल सकते, जब तक कि नए शुल्क-नियमन कानून के अनुसार शुल्क निर्धारित और अनुमोदित न हो जाए। आगामी शैक्षणिक वर्ष के लिए स्कूल-स्तरीय शुल्क नियमन समितियों (एसएलएफआरसी) के गठन के सरकारी आदेश पर रोक लगाने की मांग करने वाले कई स्कूल संघों द्वारा दायर याचिकाओं का विरोध करते हुए, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने कहा कि इसके परिणाम 'भीषण' होंगे और इस स्तर पर ऐसी समिति के गठन से स्कूलों को कोई नुकसान नहीं होगा। मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की पीठ स्कूलों के विभिन्न संघों द्वारा दायर उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें 10 दिनों के भीतर समितियों के गठन के संबंध में सरकार की एक फरवरी की अधिसूचना को चुनौती दी गई थी।

## प्रधानमंत्री मोदी 22 फरवरी को मेरठ मेट्रो और 'नमो भारत' ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे



**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को मेरठ का दौरा करेंगे और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इस शहर में शताब्दी नगर नमो भारत स्टेशन पर 'मेरठ मेट्रो' और 'नमो भारत ट्रेन' को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। प्रधानमंत्री वहां से मेट्रो से मेरठ साउथ स्टेशन तक जाएंगे और अपराह्न करीब एक बजे मेरठ में लगभग 12,930 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि मोदी इस अवसर पर जनसभा को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री संपूर्ण 82 किलोमीटर लंबे 'दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर' को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वह भारत की पहली 'नमो भारत रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम' (आरआरटीएस) के शेष खंडों का उद्घाटन करेंगे, जिनमें दिल्ली में सराय काले खां और न्यू अशोक नगर के बीच का पांच किलोमीटर का खंड और उत्तर प्रदेश में मेरठ साउथ और मोदीपुरम के बीच का 21 किलोमीटर का खंड शामिल है। प्रधानमंत्री मेरठ साउथ और मोदीपुरम के बीच चलने वाली मेरठ मेट्रो सेवाओं का भी उद्घाटन करेंगे। यह नमो भारत के बुनियादी ढांचे पर ही संचालित होगी, जो देश में अपनी तरह की पहली पहल है। मेरठ मेट्रो भारत की सबसे तेज मेट्रो प्रणाली होगी, जिसकी अधिकतम परिचालन गति लगभग 120 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। यह मेट्रो रास्ते के सभी निर्धारित ठहरावों पर रुकते हुए, पूरी दूरी को मात्र 30 मिनट में तय कर लेगी।

समीक्षा



# व्यापार



## एआई से वैश्विक वृद्धि 0.8 प्रतिशत बढ़ेगी, नौकरियों के लिए उच्च जोखिम भी मौजूद: आईएमएफ प्रमुख



**नयी दिल्ली:** अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलिना जॉर्जीवा ने शुक्रवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) वैश्विक आर्थिक वृद्धि को 0.8 प्रतिशत तक बढ़ा सकती है और भारत के 'विकसित भारत' बनने के लक्ष्य को हासिल करने में मदद कर सकती है। हालांकि, जॉर्जीवा ने चेतावनी भी दी कि एआई से नौकरियां कम होने और वित्तीय स्थिरता पर जोखिम भी उत्पन्न हो सकते हैं। जॉर्जीवा ने यहां आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में कहा कि वह एआई को लेकर आशावादी हैं, लेकिन इसके प्रभाव को अत्यधिक सकारात्मक दिखाने से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एआई को अच्छाई की ताकत या बुराई की ताकत के रूप में इस्तेमाल किए जाने के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है। जॉर्जीवा ने कहा, एआई वैश्विक आर्थिक वृद्धि को लगभग एक प्रतिशत अंक तक बढ़ा सकता है। हमारा अनुमान 0.8 प्रतिशत है। इसका मतलब है कि दुनिया की अर्थव्यवस्था कोविड महामारी से पहले की तुलना में तेजी से बढ़ेगी। यह नए अवसर और अधिक रोजगार सृजित करने के लिए शानदार है। भारत के लिए भी यही प्रभाव दिख रहा है और इसका अर्थ है कि भारत का विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

## ब्रिटेन, ओमान के साथ व्यापार समझौते अप्रैल से हो सकते हैं लागू: गोयल



**नयी दिल्ली:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि ब्रिटेन और ओमान के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) अप्रैल में लागू होने की संभावना है, जबकि न्यूजीलैंड के साथ समझौता सितंबर से प्रभावी हो सकता है। इसके साथ ही गोयल ने कहा कि 27 देशों का समूह यूरोपीय संघ (ईयू) भी भारत के साथ व्यापार समझौते को जल्द से जल्द लागू करना चाहता है। गोयल ने 25,060 करोड़ रुपये के निर्यात प्रोत्साहन मिशन के सात घटकों की शुरुआत करते हुए कहा, ये 27 यूरोपीय देश चाहते हैं कि हम इसे जल्द-से-जल्द लागू करें। उन्होंने कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि ब्रिटेन और ओमान के साथ एफटीए अप्रैल में लागू होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड के साथ एफटीए के सितंबर में प्रभावी होने की उम्मीद है। भारत और ब्रिटेन ने 24 जुलाई, 2025 को व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात को ब्रिटिश बाजार में शून्य शुल्क पर प्रवेश मिलेगा, जबकि भारत में ब्रिटिश कारों और व्हिस्की पर शुल्क कम होगा। ब्रिटिश संसद की मंजूरी के बाद इसे आपसी सहमति वाली तारीख पर लागू किया जाएगा।

### झारखंड विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 6,450 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पेश

**रांची:** झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए शुक्रवार को विधानसभा में 6,450 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पेश किया। चालू वित्त वर्ष में राज्य सरकार का यह तीसरा अनुपूरक बजट था। विधानसभा में पेश की गई पूरक मांगों में ग्रामीण कार्य विभाग को सर्वाधिक 1,717.58 करोड़ रुपये देने का प्रस्ताव है। इसके बाद महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के लिए 779 करोड़ रुपये और पंचायती राज विभाग के लिए 658.56 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। किशोर ने विधानसभा भवन के बाहर संवाददाताओं से कहा, सरकार शनिवार को सदन में अपने जवाब के दौरान पूरक बजट का पूरा विवरण रखेगी। विपक्ष के सभी सवालों का भी जवाब दिया जाएगा। इससे पहले आठ दिसंबर, 2025 को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान 7,721.25 करोड़ रुपये का दूसरा अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित किया गया था।

# प्रधानमंत्री ने स्टार्टअप दिग्गजों के साथ की गोलमेज चर्चा

## नौं हस्तियों से द्विपक्षीय मुलाकात



**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कृत्रिम मेधा (एआई) और गहन प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) एवं संस्थापकों के साथ एक गोलमेज चर्चा के अलावा सात द्विपक्षीय बैठकों और दो दिग्गज कंपनियों के प्रमुखों के साथ बैठकों में शिरकत की। प्रधानमंत्री मोदी ने गोलमेज चर्चा के दौरान 16 एआई और गहन प्रौद्योगिकी (डीपटेक) कंपनियों के सीईओ एवं संस्थापकों के साथ कृषि और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में एआई का उपयोग करने की संभावनाओं और मातृभाषा में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर चर्चा की। अधिकारियों के अनुसार, इस गोलमेज बैठक के दौरान कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपने विचार साझा करने के अलावा किए गए कामों का ब्योरा पेश किया। उद्योग जगत के ये दिग्गज 16 से 20 फरवरी तक भारत मंडपम में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में भाग लेने के लिए आए हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने चार देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कीं। इनमें श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके, स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी , लिश्टेंस्टाइन के राजकुमार एलोइस और मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम शामिल हैं। मोदी ने कहा कि उनकी दिसानायके के साथ एक शानदार बैठक हुई, जिसके दौरान दोनों नेताओं ने हाल के दिनों में भारत-श्रीलंका संबंधों में हुई प्रगति पर चर्चा की गई। मोदी ने कहा, हमने एक महत्वपूर्ण पड़ोसी के साथ मित्रता को और मजबूत करने पर जोर दिया। इसके साथ ही, ऊर्जा, परिवहन, बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, संस्कृति, समुद्री संसाधनों पर आधारित आर्थिक गतिविधियों और अन्य क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसरों पर भी चर्चा की। पेलेग्रिनी के साथ अपनी मुलाकात के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल ही में हुए भारत-यूरोपीय संघ के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से भारत और स्लोवाकिया के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के कई अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा, हमने अन्य विषयों पर भी चर्चा की, जिनमें डिजिटल प्रौद्योगिकी, स्टार्टअप, डिजिटल सार्वजनिक ढांचा, रक्षा, अंतरिक्ष और अन्य क्षेत्र शामिल हैं। एलोइस की अगुवाई वाले लिश्टेंस्टाइन के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान मोदी ने दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों की मजबूत संभावनाओं पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने नवाचार, प्रौद्योगिकी, कौशल विकास, अनुसंधान और विकास जैसे क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों पर भी विचार-विमर्श किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस से भी मुलाकात की। बैठक में एआई को सर्व-समावेशी बनाने और इस प्रयास में संयुक्त राष्ट्र की रचनात्मक भूमिका पर चर्चा हुई।

## सरकार ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सात उपायों की घोषणा की

**नयी दिल्ली :** सरकार ने देश के निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए 25,060 करोड़ रुपये के निर्यात प्रोत्साहन मिशन के तहत सात अहम उपायों की घोषणा की है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इन पहलों का उद्देश्य विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई), स्टार्टअप और नए निर्यातकों को वैश्विक बाजारों में सशक्त बनाना है। ई-कॉमर्स निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 'डायरेक्ट ई-कॉमर्स क्रेडिट' के तहत 50 लाख रुपये तक 90 प्रतिशत गारंटी कवरेज के साथ ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं 'ओवरसीज इन्वेंटरी क्रेडिट' के अंतर्गत पांच करोड़ रुपये तक 75 प्रतिशत गारंटी और 2.75 प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जाएगा। एमएसएमई के लिए निर्यात 'फैक्टरिंग' पर भी 2.75 प्रतिशत ब्याज सहायता प्रदान की जाएगी। उभरते और उच्च जोखिम वाले बाजारों में प्रवेश के लिए परीक्षण, निरीक्षण और प्रमाणन खर्च पर 60 से 75 प्रतिशत तक आंशिक प्रतिपूर्ति की व्यवस्था की गई है। 'ट्रेड रेगुलेशंस, एक्रेडिटेशन एंड कंप्लायंस एनेबलमेंट' के तहत अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुपालन में भी सहायता मिलेगी। लॉजिस्टिक समर्थन के तहत विदेशी गोदाम सुविधाओं के लिए परियोजना लागत का 30 प्रतिशत तक सहयोग और पूर्वोत्तर व पहाड़ी क्षेत्रों के निर्यातकों को मालभाड़े पर 30 प्रतिशत तक प्रतिपूर्ति दी जाएगी।सरकार का लक्ष्य पूंजी लागत कम करना, व्यापार वित्त को विविध बनाना और एमएसएमई की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाना है। अप्रैल-जनवरी 2025-26 में निर्यात 2.22 प्रतिशत बढ़कर 366.63 अरब डॉलर रहा, जबकि व्यापार घाटा 283.23 अरब डॉलर दर्ज किया गया।

## शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स में 316 अंक का उछाल



**मुंबई:** शेयर बाजारों में शुक्रवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 316 अंक की बढ़त के साथ जबकि निफ्टी 25,550 के पार बंद हुआ। बैंकिंग और धातु शेयरों में खरीदारी, व्यापार समझौते में प्रगति को लेकर आशावाद के साथ 'पैक्स सिलिका' में भारत की भागीदारी की खबरों से बाजार को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 316.57 अंक यानी 0.38 प्रतिशत चढ़कर 82,814.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 633.94 अंक बढ़कर 83,132.08 अंक तक पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 116.90 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,571.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 209.2 अंक उछलकर 25,663.55 अंक के उच्च स्तर तक पहुंच गया था। भू-राजनीतिक चिंताओं के बीच निवेशकों द्वारा शेयर की अंधाधुंध बिकवाली से बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 1,236.11 अंक और एनएसई निफ्टी 365 अंक टूट गया था।

### सोना 850 रुपये चढ़कर 1.59 लाख रुपये पर, चांदी 2.64 लाख रुपये पर स्थिर

**नयी दिल्ली:** मजबूत वैश्विक रुख के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 850 रुपये बढ़कर 1,59,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि चांदी 2.64 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित रही। बाजार सूत्रों ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार को 1,58,650 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) पर बंद हुई थी। हालांकि, शुक्रवार को चांदी की कीमतें 2,64,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित रहीं।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 26 पैसे टूटकर 90.94 पर बंद

**मुंबई:** अमेरिका-ईरान के परस्पर बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी की वजह से शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 26 पैसे टूटकर 90.94 पर बंद हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में तेजी का रुख भी रुपये को समर्थन देने में विफल रहा। इस पर अमेरिका और ईरान के बीच आने वाले दिनों में जंग छिड़ने की बनती स्थिति का विशेष प्रभाव रहा।

### राजमार्गों के टोल प्लाजा पर एक अप्रैल से नकद भुगतान बंद करने की तैयारी में एनएचएआई

**नयी दिल्ली:** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) एक अप्रैल से राजमार्गों पर स्थित टोल प्लाजा पर नकद भुगतान बंद करने पर विचार कर रहा है। ऐसा होने पर वाहन चालकों को टोल भुगतान के लिए केवल फास्टैग या यूपीआई जैसे डिजिटल माध्यमों का ही उपयोग करना होगा। एनएचएआई ने कहा कि नकद भुगतान की व्यवस्था बंद होने के बाद राष्ट्रीय राजमार्गों पर सभी भुगतान केवल डिजिटल माध्यमों से ही स्वीकार किए जाएंगे। प्राधिकरण पूरे देश में टोल प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल बनाने के उद्देश्य से एक अप्रैल, 2026 से नकद लेनदेन को पूरी तरह खत्म करने की योजना बना रहा है। संस्था ने कहा कि इस प्रस्तावित कदम का लक्ष्य इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह में अब तक मिली सफलताओं को मजबूत करना और टोल प्लाजा के कामकाज में दक्षता और पारदर्शिता लाना है। प्राधिकरण ने कहा कि इस प्रस्तावित कदम से राष्ट्रीय राजमार्गों के टोल प्लाजा के कामकाज को अधिक कुशल और भरोसेमंद बनाने में मदद मिलेगी।

### भारत, अमेरिका के अधिकारी 23 फरवरी से करेंगे तीन दिवसीय बैठक

**नयी दिल्ली:** भारत और अमेरिका के अधिकारियों के बीच अंतरिम व्यापार समझौते के कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देने के लिए तीन दिवसीय बैठक 23 फरवरी से अमेरिका में शुरू होगी। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस महीने की शुरुआत में भारत और अमेरिका ने एक संयुक्त बयान जारी कर यह घोषणा की थी कि अंतरिम व्यापार समझौते के लिए एक रूपरेखा तय कर ली गई है। संयुक्त बयान में समझौते की मुख्य रूपरेखा तय की गई। अब इन बिंदुओं को एक औपचारिक कानूनी समझौते में बदला जाएगा, जिस पर दोनों पक्ष हस्ताक्षर करेंगे। इस पर मार्च में हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।

### जनवरी में आठ बुनियादी क्षेत्रों की वृद्धि दर घटकर चार प्रतिशत पर आई

**नयी दिल्ली:** देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी में गिरकर दो महीने के निचले स्तर चार प्रतिशत पर आ गई। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। जनवरी 2025 में यह वृद्धि दर 5.1 प्रतिशत और दिसंबर 2025 में 4.7 प्रतिशत थी। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी में कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई। रिफाइनरी उत्पादों का उत्पादन स्थिर रहा। कोयला एवं सीमेंट क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि दर घटकर 3.1 प्रतिशत एवं 10.7 प्रतिशत रह गई जो एक साल पहले की समान अवधि में क्रमशः 4.6 प्रतिशत एवं 14.3 प्रतिशत थी। हालांकि, उर्वरक, इस्पात और बिजली उत्पादन में इस महीने सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि में प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर घटकर 2.8 प्रतिशत रह गई जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 4.5 प्रतिशत थी।

